न्यूज ब्रीफ

## डॉ. देशबन्धु को मिलेगा अमृतलाल नागर सम्मान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान का अमृतलाल नागर बाल कथा सम्मान महानगर के



प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ.देशबन्धु शाहजहांपुरी को उनके बाल साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान की प्रधान सम्पादक डॉ.अमिता दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि डॉ.देशबन्धु शाहजहांपुरी को शीघ्र ही भव्य समारोह में, 51 हज़ार की धनराशि के साथ अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उनकी इस उपलब्धि पर कई साहित्यकारों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. देशबन्धु शाहजहांपुरी की अब तक बाल साहित्य की ग्यारह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा उनकी रचनाओं को 40 से अधिक संकलनों में संकलित किया जा चुका है।

## ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने डीएम कंपाउंड स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा वहां तैनात कर्मचारियों को सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव तथा अभिलेखों की गहन समीक्षा की। उन्होंने वेयरहाउस में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं तैनात सुरक्षा बल की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूरी सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने ईवीएम से संबंधित रजिस्टरों का भी अवलोकन किया तथा अभिलेखों के नियमित संधारण पर जोर दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व शांति के लिए क्रांति बना मिशन का हार्टफुलनेस मेडीटेशन : बाजपेई

### श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के चौथे चरण का धूमधाम से समापन

- मिशन के सचिव उमाशंकर बाजपेई पहुंचे, ध्यान और शांति पर किया संवाद

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



रामचंद्र मिशन आश्रम में पत्रकारों से बातचीत करते मिशन के सचिव उमाशंकर बाजपेई साथ में अनुपम अग्रवाल, माधोगोपाल अग्रवाल व संजय सहगल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में चल रहे बसंत उत्सव के चौथे चरण का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर मिशन के सचिव उमाशंकर बाजपेई, उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल, प्रशिक्षक माधो गोपाल अग्रवाल तथा मिशन की वर्किंग कमेटी के सदस्य संजय सहगल ने मीडिया को मिशन के उद्देश्य एवं कार्य, उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

आश्रम के मेडीटेशन हाल में आयोजित प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में सचिव उमाशंकर बाजपेई ने अब तक संपन्न हुए चारों चरणों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि 12 फरवरी से शुरू हुआ यह आध्यात्मिक महाकुंभ 2 मार्च तक चलेगा अब तक चार चरणों में भारत के विभिन्न प्रांतों और विश्व के 74 देशों के लगभग 25 हजार अभ्यासी शामिल हुए हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने रामचंद्र मिशन की कार्यप्रणाली, पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहज मार्ग और हार्टफुलनेस मेडीटेशन एक ही पद्धति है। श्री बाजपेई ने बताया कि शाहजहांपुर की छोटी सी गली से निकल कर सहज मार्ग विश्व के 160 देशो में पहुंच चुका है। शहीदों की धरा शाहजहांपुर से शुरू हुआ यह आध्यात्मिक आंदोलन विश्व शांति के लिए एक क्रांति बन चुका है। प्रशिक्षक माधोगोपाल अग्रवाल ने कहा कि बाबूजी महाराज ने 1976 में शाहजहांपुर में मिशन के पहले आश्रम की स्थापना की थी। इस वर्ष हम आश्रम की पचासवीं वर्षगांठ के अवसर पर पांच चरणों में बसंत उत्सव मना रहे हैं। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य साधकों को ध्यान, आत्मचिंतन और आंतरिक शांति के मार्ग पर प्रेरित करना है। चारों चरणों में देश-विदेश से बड़ी संख्या में अभ्यासी आश्रम पहुंचे और सामूहिक ध्यान सत्रों में सहभागिता की।

एक सवाल के जवाब में वर्किंग कमेटी के सदस्य एटलांटा यूएसए से आए संजय सहगल ने ध्यान और मन की शांति के वैज्ञानिक व व्यावहारिक पहलुओं को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने कहा कि सहज मार्ग साधना पद्धति किसी भी धर्म या वर्ग विशेष तक सीमित नहीं, बल्कि मानव मात्र के कल्याण के लिए है। उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल ने कहा कि मिशन का उद्देश्य केवल ध्यान सिखाना नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों को व्यवहार में उतारना है। सेवा, संयम और सद्भाव के माध्यम से समाज में सकारात्मक वातावरण बनाना भी मिशन की प्राथमिकता है। मीडिया संवाद के दौरान पत्रकारों ने ध्यान से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए और कई ने मन की शांति व तनावमुक्त जीवन को लेकर जिज्ञासाएं प्रकट कीं। मिशन के पदाधिकारियों ने व्यावहारिक उदाहरणों के साथ बताया। संचालन कान्हा से आए विक्रम ने किया। अंत में मीडिया प्रभारी सुयश सिन्हा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, एके गर्ग, राज गोपाल अग्रवाल, लोकेश आदि मौजूद रहे।

## अमृत सरोवर की बदहाली पर एसडीएम नाराज, सुधार के निर्देश

**तिलहर, अमृत विचार:** क्षेत्र की ग्राम पंचायत फीलनगर के मंझरा गांव देवनगर स्थित अमृत सरोवर पर अवैध कब्जा और बदहाल स्थिति की शिकायत मिलने पर उप जिलाधिकारी सदानंद सरोज ने शुक्रवार को निरीक्षण किया।

वर्ष 2022-23 में करीब 29 लाख की लागत से तालाब का सौंदर्यीकरण हुआ था, लेकिन देखरेख के अभाव में तालाब के किनारों पर लोगों ने कब्जा करना शुरू कर दिया और गांव का गंदा पानी भी तालाब में जाने लगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने लेखपाल कमलेश मिश्रा को कड़ी फटकार लगाई तथा रोजगार सेवक सर्वेश देवल के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताई। उन्होंने लेखपाल को ग्राम प्रधान पिंकी देवल से वार्ता कर स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने भी तालाब के पुनः सौंदर्यीकरण की मांग की। एसडीएम ने बताया कि तालाब की सफाई और कब्जा मुक्त कराने के लिए ग्राम पंचायत विभाग को पत्र जारी किया जाएगा। रोजगार सेवक सर्वेश कुमार देवल ने बताया कि 29 लाख की स्वीकृति के सापेक्ष 10 लाख रुपये की ग्रांट मिलने के बाद वर्क आईडी बंद होने से कार्य रुक गया था तथा वर्ष 2024 में तत्कालीन एसडीएम अंजलि गंगवार को कब्जे की शिकायत दी गई थी, जिस पर कार्रवाई भी हुई थी।

## व्यापारियों ने दुकानों और शोरूम सुरक्षा की उठाई मांग



बैठक में उपस्थित व्यापारी। ● अमृत विचार

- होली पर्व को लेकर पुलिस लाइन सभागार में शांति समिति बैठक
- आईजी और एसपी ने व्यापारियों को सुरक्षा का दिया आश्वासन

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस लाइन सभागार में संभ्रांत नागरिकों और व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बरेली मंडल आयुक्त भूपेंद्र चौधरी, बरेली रेंज आईजी अजय साहनी, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान व्यापारियों की ओर से होली के दिन बाजार क्षेत्रों में दुकानों के शोकेस और शोरूम बोर्ड को होने वाले संभावित नुकसान का मुद्दा उठाया गया। व्यापारियों ने प्रशासन से विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की, जिससे किसी प्रकार की तोड़फोड़ या नुकसान की स्थिति न बने। इस पर आईजी और पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि होली पर्व के दौरान बाजारों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारे और शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील भी की।

# छात्रों का अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में जलवा



अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में परचम लहराने वाले जीएफ कालेज के छात्रों को सम्मानित करते प्राचार्य। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज वाणिज्य विभाग के छात्र- छात्राओं ने राजकीय डिग्री कॉलेज पिहानी में "विकसित भारत 2047: समावेशी विकास, सततता और वैश्विक नेतृत्व की राहें" विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में परचम लहराया। इस मौके पर जीएफ़ कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ पुनीत मनीषी के नेतृत्व में वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। सेमिनार के विभिन्न तकनीकी सत्रों में विद्यार्थियों ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए "बेस्ट पेपर अवार्ड" अपने नाम किया, जिससे जीएफ कॉलेज का गौरव बढ़ा, साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता में भी छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया।

महाविद्यालय लौटने पर प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। सेमिनार में जसनप्रीत कौर, गुलअफशा खान,अलीमा, अलकमा, गौरव सिंह भंडारी, हुमा नाज व इरम ने बेस्ट पेपर अवार्ड जीता। साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता में निशा, महक, अजय सिंह भंडारी ने प्रथम रहे। साथ ही सेमिनार में डॉ पुनीत मनीषी को तकनीकी सत्र में को-चेयरपर्सन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. तनवीर आलम, डॉ. सैयद शहाब हुसैन, डॉ.प्रदीप कुमार, डॉ.अनमोल सक्सेना ने उन्हें बधाई दी।

# सहयोग ने रंग-गुलाल और उपहार देकर बांटीं खुशियां

**संवाददाता, शाहजहांपुर**



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं के साथ होली मनाते सहयोग संस्था के पदाधिकारी एवं मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

- कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं संग मनाई गई होली
- एडीएम एफआर अरविंद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में रहे मौजूद
- छात्राओं को शिक्षा पर ध्यान देने और आगे बढ़ने की सीख

**अमृत विचार:** समाजसेवी संस्था सहयोग की ओर से महानगर के किला मोहल्ला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं के साथ होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था पदाधिकारियों ने छात्राओं के साथ रंग खेलकर त्योहार की खुशियां साझा कीं तथा मिठाई, रंग, पिचकारी और उपहार वितरित किए।


कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एडीएम एफआर अरविंद कुमार ने कहा कि जिला में सहयोग संस्था की ओर से किए जा रहे सामाजिक कार्य हर जगह दिखाई दे रहे हैं और संस्था समाजहित में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि त्योहारों को एक-दूसरे के साथ मनाने से आपसी प्रेम और आनंद बढ़ता है। शाहजहांपुर की होली पूरे देश में अपनी अलग पहचान रखती है।

उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी ताकत है, इसलिए सभी छात्राएं पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें और अपने भविष्य को मजबूत बनाएं। संस्था के संस्थापक अनिल गुप्ता प्रधान तथा शाहनवाज खां एडवोकेट ने कहा कि सहयोग संस्था आगे भी जनहित के कार्य निरंतर करती रहेगी। संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता, महासचिव विकास सक्सेना और कोषाध्यक्ष महेंद्र दुबे ने बताया कि संस्था का अगला कार्यक्रम राजकीय बाल गृह तथा सुंदर नगर गांव में आयोजित किया जाएगा, जहां बच्चों के साथ होली की खुशियां साझा की जाएंगी। कार्यक्रम में स्तुति गुप्ता, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, ममता यादव सहित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य अर्चना बिश्नोई, सुचिता सिंह, ममता आर्य, ज्योति सक्सेना, मेनका राठौर, सुधा वर्मा, आराधना श्रीवास्तव, आरती गौतम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पीडब्लूआई कार्यालय के सामने रास्ता बंद

- प्लेटफार्म एक पर आ जाते थे यात्री, होली तक रास्ता खोलने की मांग

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



प्लेटफार्म एक पर जाने वाला रास्ता बंद करने से यात्रियों को दिक्कत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुलिस चौकी अशफाक नगर के पीछे पीडब्लूआई कार्यालय के सामने स्टेशन पर आने वाला रास्ता बंद कर देने से यात्रियों को दिक्कत हो रही है। जबकि जेटीबीएस से टिकट लेने के बाद यात्रियों को घूमकर स्टेशन पर आना पड़ता है। जबकि स्टेशन पर प्लेटफार्म से दो और तीन पर जाने वाला पाथ वे खोल दिया है।

रेलवे स्टेशन पर आने के लिए पुलिस चौकी अशफाक नगर के पीछे पीडब्लूआई कार्यालय के सामने रास्ता बंद था। एक माह से यह रास्ता बंद कर दिया गया है। रास्ते के पड़ोस में फुट ओवर ब्रिज है। तेल टंकी मोड़ पर पुल पर लिखा है कि प्लेटफार्म एक पर जाने का रास्ता है। जबकि तेल टंकी मोड़, पुलिस चौकी अशफाक नगर और लाल इमली चौराहे के निकट जेटीबीएस टिकट घर है। यात्री जेटीबीएस टिकट लेकर पुल से प्लेटफार्म पर सीधे आ जाता था। साथ ही ट्रेन से उतरने के बाद लोग इस रास्ते से सीधे बस अड्डे पर चले जाते थे। यह रास्ता बंद कर देने से स्टेशन पर आने और जाने वाले यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है। यात्रियों को काफी घूमकर मुख्य द्वार से आना पड़ता है। रास्ता बंद होने से यात्री ट्रेन से उतरने के बाद बस अड्डे रेल लाइन के किनारे से जाता है, जो जान का खतरा बना रहता है। प्लेटफार्म एक से दो और तीन पर जाने के लिए पाथ-वे बंद कर दिया था, जिसके चलते पार्सल पोटर, आरएमएस कर्मचारी और दिव्यांग यात्रियों को दिक्कत हो रही थी। मंडल के अधिकारियों से रास्ता खुलवाने की मांग की गई थी। पाथ वे खोल दिया है, लेकिन पीडब्लूआई कार्यालय के सामने का रास्ता नहीं खोला है।

## 132 केवी लाइन कार्य से 2 मार्च को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**संवाददाता, तिलहर**

- विद्युत लाइन ऊर्जीकृत होने के दौरान सावधानी बरतने की अपील

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से विद्युत कार्य किए जाने के कारण 2 मार्च को क्षेत्र के कई गांवों और कस्बों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो सकती है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि 132 केवी तिलहर अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड लाइन को 2 मार्च को सुबह 10 बजे के बाद किसी भी समय ऊर्जीकृत किया जाना प्रस्तावित है।

यह लाइन 132 केवी उपकेंद्र तिलहर से निकलकर तिलहर कस्बा सहित हिंदू पट्टी, कुआंडाड़ा, रूजवारी, दोदराजपुर, डभौरा, अमनपुर गौंटिया, नवदिया धूसर, सरेली, ग्वार, सलेमाबाद उर्फ गुलचंपा, नजरपुर, बरखेड़ा हवेली, हाजीपुर, फतेहपुर खुर्द, इस्माइलपुर नवादा, काला भोज, आलमपुर, बतलैया, खिरिया सक्टू, बीरमपुर, मुरैना, कटरा, खजुरिया, चौकी, कसरक और सालपुर नवदिया होते हुए अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड तक जाएगी। अधिशासी अभियंता ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि लाइन ऊर्जीकृत किए जाने के दौरान टावर या विद्युत तारों को न छुएं और न ही उन पर चढ़ें। साथ ही 27 मीटर कॉरिडोर क्षेत्र में किसी प्रकार का निर्माण या वृक्षारोपण कार्य न किया जाए। किसी भी दुर्घटना या जनहानि की स्थिति में विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

# ओवररेटिंग और अवैध कांटे पर छापा



जलालाबाद में ओवररेटिंग की जांच करते विधिक माप विज्ञान विभाग की टीम। ● अमृत विचार

**संवाददाता, जलालाबाद**

- विधिक माप विज्ञान विभाग की संयुक्त टीम ने शुरू की कार्रवाई

**अमृत विचार:** विधिक माप विज्ञान विभाग और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने ओवररेटिंग और बिना सत्यापन कांटे के खिलाफ अभियान चलाकर दो दुकानों का चालान किया। सीनियर इंस्पेक्टर अरविंद मिश्रा, इंस्पेक्टर आलोक कुमार शर्मा और तहसीलदार अनुराग दुबे की टीम ने गुणारा मोड़ स्थित प्रमोद किराना स्टोर पर छापेमारी की, जहां कांटे का सत्यापन लाइसेंस नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई। इसके बाद बैंक ऑफ बरोदा के पास गली में स्थित श्याम प्रोविजन स्टोर पर जांच के दौरान 95 रुपये अंकित सिगरेट की डिब्बी 100 रुपये में बेचते पकड़ा गया। टीम की कार्रवाई से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और कई दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं। इंस्पेक्टर आलोक कुमार शर्मा ने सभी दुकानदारों को तौल यंत्रों का सत्यापन कराने की चेतावनी दी।

## रमजान के दूसरे जुमे को मस्जिदों में उमड़े नमाजी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- जामा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में अदा की गई जुमे की नमाज

**अमृत विचार :** मुकद्दस रमजान के दूसरे जुमे को जिले में जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। रोजेदारों में सुबह से ही जुमे की नमाज को लेकर भारी उत्साह देखा गया। शुक्रवार दोपहर को जुमे की नमाज अदा करने के लिए रोजेदार वक्त से पहले ही मस्जिदों में पहुंच गए। इमामों ने सफे दुरुस्त कराने के बाद खुतबा पढ़ा। इसके बाद दो रकअत फर्ज नमाज अदा कराई। नमाज के बाद आपसी भाईचारे और देश में अमन-चैन कायम रहने के लिए दुआएं की गईं, जिस पर सभी नमाजियों ने ''आमीन'' की सदाएं बुलंद कीं।

महानगर की जामा मस्जिद सहित मोहल्ला लोधीपुर, अहमदपुर, ख्वाजा फिरोज, बहादुरगंज, मोहम्मद जई, बाबू जई, खलील शर्की, खलील गर्बी, अली जई, महमंद हदफ, बाड़ूजई, जलाल नगर आदि की मस्जिदों में भी जुमे की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद में शहर इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने रोजे की फजीलत और जकात के बारे में बताया। नमाज से पहले इमामों ने जुमे के खुतबे से पहले तकरीर करते हुए रमजान की अहमियत बयान की।

नमाज के बाद इमाम ने मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ की। वहीं, दूसरी ओर तिलहर, कटरा, खुदागंज, कांट, जलालाबाद, निगोही, पुवायां, खुटार, बंडा आदि में भी रमजान के दूसरे जुमे को मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा करने को लेकर रोजेदारों की भारी भीड़ रही।

## छात्रों ने मिल में जानी चीनी बनाने की प्रक्रिया

**जैतीपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के लिए तिलहर स्थित किसान सहकारी चीनी मिल भेजा गया। खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह ने छात्रों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने गन्ने से चीनी बनने की प्रक्रिया देखा। चीनी मिल के कर्मचारियों ने गन्ना क्रेन से लेकर मशीनों के संचालन और तैयार चीनी निकलने तक की सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। एक्सपोजर विजिट के दौरान छात्रों ने तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के साथ कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आनंद लिया। इसमें एआरपी आकाश शंखधार, नरेंद्र जायसवाल, हिर्देश कुमार सिंह, आदित्य शर्मा, सुरजीत सक्सेना, पंकज पाठक सहित चीनी मिल के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में देशव्यापी आंदोलन का एलान

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- 13 अप्रैल को जिला मुख्यालयों पर मशाल जुलूस और ज्ञापन देंगे
- 04 मई को लखनऊ में धरना, जुलाई में संसद मार्च की चेतावनी



रोटी गोदाम स्थित परिषदीय विद्यालय में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में आयोजित शिक्षक संगठनों की बैठक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की ओर से देशव्यापी आंदोलन चलाने की घोषणा की गई है। ऑल इंडिया प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन के नेतृत्व में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से शुक्रवार को रोटी गोदाम स्थित परिषदीय विद्यालय में संयुक्त मोर्चा से जुड़े शिक्षक संगठनों की जिला बैठक आयोजित की गई, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिला अध्यक्ष ऋषिकांत पांडेय ने बताया कि टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ अब सड़क से सदन तक देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए 22 फरवरी को लखनऊ में संयुक्त मोर्चा से जुड़े शिक्षक संगठनों की बैठक में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का गठन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के 23 शिक्षक संगठन शामिल हैं। सभी संगठनों ने एनसीटीई की ओर से वर्ष 2017 में शिक्षक पात्रता अधिनियम में किए गए संशोधन को निरस्त कराने के लिए संयुक्त रूप से संघर्ष करने का निर्णय लिया है।

बैठक में बताया गया कि आंदोलन चार चरणों में संचालित किया जाएगा। पहले चरण में 09 मार्च से 15 मार्च तक पाती अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत शिक्षक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र एवं मेल भेजकर टीईटी अनिवार्यता से संबंधित संशोधन निरस्त करने की मांग करेंगे। दूसरे चरण में 13 अप्रैल को सभी जिला मुख्यालयों पर सायं चार बजे विरोध प्रदर्शन करते हुए मशाल जुलूस निकाला जाएगा और जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। तीसरे चरण में 04 मई को लखनऊ के इको गार्डन में प्रदेश भर के शिक्षक धरना प्रदर्शन करेंगे तथा विधानसभा तक पैदल मार्च करेंगे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि इसके बाद भी भारत सरकार की ओर से वर्ष 2017 में किए गए संशोधन को निरस्त नहीं किया गया तो संसद के मॉनसून सत्र के दौरान जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में दिल्ली के रामलीला मैदान पर देशव्यापी शिक्षक संवर्ग बचाओ महारैली आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर से दस लाख से अधिक शिक्षक शामिल होंगे और आवश्यकता पड़ने पर संसद भवन तक मार्च किया जाएगा। संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नाकर दीक्षित ने किया।बैठक में जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनीस खां, अटेवा के जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा, बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य, टीएससीटी के जिलाध्यक्ष सतीश सिंह, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला मंत्री अनंत बाजपेई सहित विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने आंदोलन के चारों चरणों को सफल बनाने पर सहमति जताई।

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की पहली जिला बैठक में राजकुमार सिंह दद्दू, रत्नाकर दीक्षित, संदीप मिश्रा, अनिल कुमार पाठक, प्रदीप जायसवाल, भुवनेश गुप्ता, सतीश सिंह, विक्रांत मिश्रा, पल्लवी गुप्ता, अरविंद वर्मा, नवनीत तिवारी, सचिन मिश्रा, अरविंद शुक्ला, वेद वर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



**इफ्तार** शनिवार
सुन्नी : 6:14
शिया : 6:29

**सहरी** रविवार
सुन्नी : 5:12
शिया : 5:04

## न्यूज ब्रीफ

### जान से मारने की दी धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला पक्का तालाब निवासी अमित सहाना ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 24 फरवरी की सुबह दस बजे उसके दरवाजे पर आरोपी आए और गाली देने लगे। आरोप है कि परिवार वालों को घर से पकड़कर ले जाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी चरस का अवैध व्यापार करते है। पुलिस ने खालिद, बिब्बो तथा दो अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### ससुराल वालों पर रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला दिलाजाक निवासी साहिबा ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी चार साल पहले युसुफ निवासी एमनजई जलालनगर थाना सदर बाजार के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने दो लाख रुपये और सोने की चेन की मांग की। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने तीन माह पूर्व घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत दस लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मैरिज लान से बाइक चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव भौती निवासी हरेंद्र ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 02 फरवरी को कस्बा में स्थित एक मैरिज लान में शादी पर आया था। उसने मैरिज लान के बाहर बाइक खड़ी कर दी। वह लौटकर आया तो बाइक गायब मिली। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


### सरकारी कार्य में बाधा डालने पर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के एसआई विजय कुमार ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने पर धीरेंद्र, प्रांशु कनौजिया, प्रमिल, धीरेंद्र की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी प्रांशु कनौजिया निवासी बृज बिहार कालोनी को गिरफ्तार किया है।

# भीषण गर्मी से पहले अलर्ट हुआ प्रशासन लू से बचाव का एक्शन प्लान लागू

## बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर और राहत व्यवस्थाओं को समय से तैयार करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



**अमृत विचार:** आगामी ग्रीष्म ऋतु में संभावित हीटवेव लू के प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार कर उसे प्रभावी ढंग से लागू करने व सभी विभागों की सघन मॉनीटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक का उद्देश्य गर्मी शुरू होने से पहले जिला स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तैयार करना रहा, जिससे लू के प्रभाव को कम किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। संवेदनशील समूहों की पहचान करते हुए हाइड्रोलॉजिस्ट के डाटा के आधार पर लोकेशन के अनुसार कार्ययोजना तैयार की जाएगी। साथ ही ऐसे स्थान चिन्हित किए जाएंगे जहां पौधारोपण संभव हो सके। राहगीरों को राहत देने के लिए ट्रैफिक सिग्नलों पर ग्रीन शेड लगाए जाएंगे तथा पेट्रोल पंप, होटल और सार्वजनिक स्थलों पर ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। गैर सरकारी संस्थाओं के सहयोग से प्याऊ स्थापित किए जाएंगे। दिहाड़ी मजदूरों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे और पशुशालाओं के लिए अलग कार्ययोजना बनाकर पशुओं को लू से बचाने के निर्देश दिए गए।

जिला के सभी 12 सीएचसी का ऑडिट कराया जाएगा तथा सभी अस्पतालों में 15 बेड का समर्पित हीटवेव वार्ड और हेल्प डेस्क संचालित किए जाएंगे। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को भी बैठक में शामिल किया गया। स्कूलों में निर्धारित अंतराल पर वाटर बेल बजाने, प्रत्येक स्कूल में पेयजल के लिए दो घड़े अनिवार्य रखने तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष मेडिकल किट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। भीषण गर्मी के दौरान बच्चों को टाई न पहनने की छूट भी दी गई है।

बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थानों के यात्री शेड में पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगम की ओर से रिक्शा चालकों और आम लोगों के लिए 10 से 15 स्थानों पर छायादार टेंट और पेयजल की व्यवस्था कराई जाएगी। प्रमुख कॉलोनियों में नागरिकों को छतों पर किचन गार्डन और सब्जियां उगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे स्थानीय तापमान कम किया जा सके। इसके लिए जिला स्तर पर आईईसी सामग्री बैनर और पोस्टर तैयार किए जाएंगे।

बैठक में नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी वित्त, डिप्टी सीएमओ, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित पुलिस, अग्निशमन, श्रम, जल निगम, परिवहन, विद्युत एवं आपदा प्रबंधन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फैक्ट फाइल

- 12 सीएचसी का कराया जाएगा ऑडिट
- सभी अस्पतालों में 15 बेड का हीटवेव वार्ड
- 10 से 15 स्थानों पर छायादार टेंट और पेयजल व्यवस्था
- हर स्कूल में पेयजल के लिए दो घड़े अनिवार्य

### स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता

भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों में वाटर बेल व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि छात्र नियमित अंतराल पर पानी पी सकें। प्रत्येक विद्यालय में पेयजल के लिए दो घड़े रखना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य विभाग स्कूलों के लिए विशेष मेडिकल किट तैयार करेगा और छात्रों को टाई पहनने से छूट दी गई है।

### सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ेंगी राहत सुविधाएं

गर्मी के दौरान बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर यात्रियों को राहत देने के लिए शेड में पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगम की ओर से रिक्शा चालकों और आम लोगों के लिए 10 से 15 स्थानों पर छायादार टेंट तथा पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे लू से बचाव संभव हो सके।

> ग्रीष्म ऋतु शुरू होने से पहले प्रत्येक विभाग पूरी तैयारी सुनिश्चित करें ताकि हीटवेव के कारण जनहानि और पशु हानि को शून्य रखा जा सके।
> –धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डीएम

# अनुपस्थित मिलने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक निलंबित

- विधायक ने निरीक्षण में नहीं पाया था कोई शिक्षक उपस्थित
- अधिकारियों को फोन पर दी थी बोझी गांव के स्कूल की सूचना

**शाहजहांपुर/परौर, अमृत विचार:** कटरा विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान प्राथमिक विद्यालय बोझी, विकासखंड कलान में शिक्षक अनुपस्थित मिलने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने अपराह्न करीब 12:45 बजे निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कोई भी शिक्षक उपस्थित न होने की सूचना संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से दी।

सूचना मिलने के बाद इंचार्ज प्रधानाध्यापक मो. अनस से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक प्रतिदिन देर से विद्यालय पहुंचते हैं और अक्सर अनुपस्थित रहते हैं, जिससे बच्चे विद्यालय परिसर में इधर-उधर घूमते रहते हैं। इसे बच्चों की सुरक्षा और बाल अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति माना गया। प्रथम दृष्टया विभागीय आदेशों की अवहेलना, स्वेच्छाचारिता, शिक्षक आचरण नियमावली का उल्लंघन तथा बिना सूचना अनुपस्थित रहने का दोषी पाए जाने पर मो. अनस, इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय बोझी को उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली 1973 एवं उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली 1999 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें ब्लॉक संसाधन केंद्र मिर्जापुर से संबद्ध किया गया है तथा उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके अतिरिक्त पीएमश्री विद्यालय खुटार नंबर-1 में कार्यरत शिक्षामित्र तरन्नुम शाहीन के 21 जून 2026 से बिना सूचना लगातार अनुपस्थित रहने पर सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है। इससे विभाग में खलबली है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त आयुष, शेखर कश्यप, सागर कश्यप, कुनाल कश्यप निवासी रोशनगंज के खिलाफ मारपीट और जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। पुलिस ने आरोपी आयुष को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

# मेडिकल कालेज गेट पर दो पक्षों में जमकर मारपीट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दोनों पक्ष शराब पीए थे, पुलिस के पहुंचने से पहले भाग गए

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कालेज गेट पर चाय के होटल पर दो पक्षों में गाली-गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई। इस दौरान होटल के बाहर अफरा-तफरी च गयी। सूचना पर पुलिस चौकी के अस्पताल के कर्मचारी पहुंचे तो दोनों पक्ष भाग गए। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

चौक कोतवाली क्षेत्र में राजकीय मेडिकल कालेज गेट के बाहर चाय के होटल है और सड़क पर ठेले, ई-रिक्शा आदि खड़े रहते है। गुरुवार की रात साढ़े दस बजे चाय के होटल के बाहर दो पक्ष के लोग शराब के नशे में खड़े थे। दोनों पक्ष में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। दोनों पक्षों में गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरु हो गयी। होटल के बाहर अफरा-तफरी मच गयी। लोगों की भीड़ जमा हो गयी। लोगों ने मारपीट का वीडियो बना लिया। सूचना मिलने पर पुलिस चौकी अस्पताल के कर्मचारी गेट पर आए तो दोनों पक्ष मौका पाकर भाग गए। लोगों ने मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बता दे कि मेडिकल कालेज गेट पर चाय आदि के होटल पर आए दिन रात में मारपीट होती है। लोग होटल के बाहर बैठकर शराब पीते है। अस्पताल पुलिस चौकी के प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली थी और आरोपियों की पहचान करायी जा रही है।

# हादसे में युवक की मौत, चचेरा भाई घायल

**शाहजहांपुर/जलालाबाद, अमृत विचार:** जलालाबाद थाना क्षेत्र में कटरा-जलालाबाद मार्ग पर खाईखेड़ा चौराहे के पास गुरुवार रात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसका चचेरा भाई घायल हो गया। मोहल्ला याकूबपुर निवासी 27 वर्षीय अमन तिवारी अपने चचेरे भाई सोनू के साथ बरेली में सड़क निर्माण कंपनी में कार्य करते थे। दोनों रात करीब साढ़े नौ बजे बाइक से बरेली से जलालाबाद लौट रहे थे । पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी भेजा, जहां डॉ. ने अमन तिवारी को मृत घोषित कर दिया जबकि सोनू को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मृतक माता-पिता का अकेला बेटा था, सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# मेडिकल कालेज में वार्ड और सीएचसी पर पांच बेड आरक्षित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मेडिकल कॉलेज का ट्रामा सेंटर। ● अमृत विचार

- होली पर डॉक्टरों की छुट्टियां निरस्त, 24 घंटे डाक्टर, स्टाफ की रहेगी ड्यूटी

**अमृत विचार:** होली के पर्व को मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट कर दिया गया है। राजकीय मेडिकल कालेज में होली को लेकर एक वार्ड आरक्षित रहेगा और वार्ड में दस बेड होंगे। इस दौरान डॉक्टरों की होली को लेकर छुट्टी निरस्त कर दी गयी है। इसके अलावा सीएचसी पर भी पांच बेड सुरक्षित रहेंगे।

प्रदेश सरकार ने होली के पर्व को लेकर संभावित घटनाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट कर दिया है। राजकीय मेडिकल कालेज में होली के पर्व को लेकर डॉक्टरों की छुट्टियां निरस्त कर दी गयी है। सभी डाक्टरों से कह दिया है कि काल जाने पर तुरंत मेडिकल कालेज पहुंचना होगा। मेडिकल कालेज में एक वार्ड को आरक्षित कर दिया है। वार्ड में दस बेड रहेंगे। इसके अलावा आक्सीजन आदि उपलब्ध रहेगी। वार्ड में डाक्टर और स्टाफ नर्स मौजूद रहेगी। यदि कोई घायल मरीज रंग वाले दिन ट्रामा सेंटर में पहुंचता है तो मरीज का तुरंत उपचार किया जाएगा। इसके अलावा 15 सीएचसी पर भी पांच-पांच बेड सुरक्षित रहेंगे और डाक्टर डियूटी पर तैनात रहेंगे। यदि मरीज की हालत गंभीर होती है तो सीएचसी से उसे तुरंत रेफर किया जाएगा। मेडिकल कालेज और सीएचसी पर दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेगी। मेडिकल कालेज और सीएचसी पर इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। होली को लेकर डाक्टरों की छुट्टी निरस्त कर दी गयी है। कुल मिलाकर होली को लेकर स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट कर दिया गया है।

> होली को लेकर सभी डाक्टरों की छुट्टी निरस्त कर दी गयी है। सभी सीएचसी पर पांच बेड आरक्षित रहेंगे। चौबीस घंटे डाक्टरों की ड्यूटी रहेगी। गंभीर मरीजों को तुरंत रेफर किया जाए।
> –डा विवेक मिश्रा सीएमओ

> होली के मद्देनजर मेडिकल कालेज वार्ड में एक वार्ड आरक्षित कर दिया गया है। वार्ड में दस बेड रहेंगे। डाक्टर और स्टाफ नर्स की चौबीस घंटे ड्यूटी रहेगी। वार्ड में ऑक्सीजन, दवाएं आदि उपलब्ध रहेगी। –डॉ. सरोज कुमार सीएमएस मेडिकल कालेज

# सरिता वाजपेयी को प्रज्ञा साहित्य साधना सम्मान से नवाजा गया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कवयित्री सरिता वाजपेयी को प्रज्ञा साहित्य साधना सम्मान प्रदान करते अतिथि।

**अमृत विचार :** जिले की जानीमानी कवयित्री व साहित्यकार सरिता वाजपेयी साक्षी को प्रज्ञा साहित्य साधना सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।

बीते दिन लखनऊ स्थित प्रज्ञा साहित्य परिषद उत्तर प्रदेश की ओर से हिंदी मीडिया सेंटर में आयोजित साहित्यिक समारोह में जिले के कवयित्री सरिता वाजपेयी साक्षी को प्रज्ञा साहित्य साधना सम्मान-2026 प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. श्याम नारायण पांडेय व विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर नीतू शर्मा ने सरिता वाजपेई को उनकी कृतियों नाटक विद्या में गांव केर माटी और गीत विद्या में धूल चंदन लगती के लिए सम्मान स्वरूप शाल, स्मृतिचिन्ह, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कवयित्री सरिता वाजपेयी ने निर्णायक मंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मौलिक पुस्तकें गीत विधा में "धूल चंदन लगती" एवं नाटक विधा में "गांव केर माटी" को प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। यह उनकी लेखनी का सम्मान है। सरिता वाजपेई को सम्मान मिलने पर डॉ इंदु अजनबी, पीयूष शर्मा, राशिद जुगनू, अजय अवस्थी आदि ने बधाई दी है।

# सर्जिकल दवाओं के चोरी के मामले में फार्मासिस्ट गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मेडिकल कालेज में पिकअप में पकड़ी गई थी दवाएं, अन्य की तलाश जारी

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कालेज में पांच लाख रुपये की चोरी की सर्जिकल दवाओं के मामले में पुलिस ने फार्मासिस्ट मोहम्मद जुबैर अली को गिरफ्तार करके चालान कर दिया। पुलिस अन्य कर्मचारियों की तलाश कर रही है।


पुलिस हिरासत में फार्मासिस्ट।

बता दे कि जून माह 24 में रात को 11 बजे पिकअप ट्रामा सेंटर के सामने से निकल रही थी। सुरक्षा गार्ड ने पिकअप को रुकवाया था। चालक और एक व्यक्ति मौका पिकअप छोड़कर भाग गए थे। पिकअप में देखा गया तो करीब पांच लाख रुपये की सर्जिकल दवाएं थी। मेडिकल कालेज में जांच कमेटी बेठी थी। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट प्राचार्य को दी थी। मेडिकल प्रशासन ने 14 जून 24 को फार्मासिस्ट जेडी बंसल, मोहम्मद जुबैर, नंद किशोर और वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोप था कि मेडिकल स्टोर से योजनाबद्ध तरीके से सर्जिकल दवाएं चोरी कराना था। कोतवाली पुलिस विवेचना कर रही थी। अपराध निरीक्षक पवन शर्मा ने फरार आरोपी फार्मासिस्ट मोहम्मद जुबेर निवासी बहादुरपुरा थाना सदर बाजार को गिरफ्तार करके चालान कर दिया। अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# एसीएमओ ने किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का निरीक्षण करते अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पीपी श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

- ग्राम ककरहा में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सक्रियता देखी

**अमृत विचार :** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पीपी श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का निरीक्षण किया।

ब्लॉक जलालाबाद के ग्राम ककरहा में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सक्रियता देखी गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने गांव का दौरा कर चल रहे फाइलेरिया कार्यक्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया की दवा खिला रही थी। उन्होंने घर-घर जाकर दवा सेवन की स्थिति का जायजा लिया और कार्य कर रही टीम से अभियान की प्रगति की जानकारी ली। टीम को निर्देश दिए कि घरों में लोगों को फाइलेरिया का चित्र दिखाकर दवा खाने के लिए प्रेरित करें। निरीक्षण के दौरान एसीएमओ ने घर वालों से फाइलेरिया बीमारी के लक्षण, दुष्परिणाम और बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी वीरेन्द्र कुमार शर्मा, बीसीपीएम विमलेश कुमार, आशा नन्ही देवी, वीटी आशीष वर्मा आदि मौजूद रहे।

**सतर्कता** सीसीटीवी से परीक्षा केंद्रों की लाइव निगरानी, निष्पक्षता के निर्देश, लाइव अवलोकन कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नकल विहीन परीक्षा और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर
- सीसीटीवी के माध्यम से परीक्षा केंद्रों की हकीकत परखी



**अमृत विचार:** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज में स्थापित बोर्ड परीक्षा जनपदीय मॉनीटरिंग एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी के माध्यम से जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संचालित हो रही बोर्ड परीक्षाओं का लाइव अवलोकन किया तथा परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शुचिता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता किसी हाल में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कंट्रोल रूम में तैनात कार्मिकों को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों की लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल संबंधित केंद्र व्यवस्थापक तथा उच्च अधिकारियों को दी जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, समय से वितरण, परीक्षार्थियों की सुगम प्रवेश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का पूरी तरह पालन सुनिश्चित कराया जाए। परीक्षा के दौरान नकल विहीन वातावरण बनाए रखने के लिए केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने बताया कि जिला में संचालित बोर्ड परीक्षाओं को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिससे सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी एक ही स्थान से की जा रही है।

परीक्षा अवधि के दौरान निरंतर सतर्कता बनाए रखने तथा किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### हाईस्कूल के 26389 छात्रों ने दी गणित की परीक्षा, इंटर में 186 गैर हाजिर

शाहजहांपुर, अमृत विचार : यूपी बोर्ड की प्रथम पाली में हुई इंटरमीडिएट की व्यावसायिक विषय चतुर्थ प्रश्न पत्र परीक्षा में कुल पंजीकृत 313 छात्रों में से 310 उपस्थित रहे। जबकि 03 छात्रों ने परीक्षा नहीं दी। शुक्रवार को हाई स्कूल की प्रथम पाली में गणित विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत 28391 छात्रों में से 26389 छात्रों ने परीक्षा दी। जबकि 2002 छात्र अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की भौतिक विज्ञान परीक्षा में कुल पंजीकृत 20518 छात्रों में से 1083 अनुपस्थित रहे। जबकि 19435 छात्रों ने परीक्षा में उपस्थिति दर्ज कराई।

### केंद्र व्यवस्थापक व प्रधानाचार्य के खिलाफ तहरीर दी

यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रश्न पत्रों की गोपनीयता भंग करने का मामला

शाहजहांपुर, अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा में जनपद के परीक्षा केंद्र बलवंत सिंह इंटर कॉलेज मीरानपुर कटरा के केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र पाल सिंह एवं प्रधानाचार्य दामोदर सिंह के विरुद्ध प्रश्नपत्रों की गोपनीयता एवं परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने के कारण प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने संबंधित थाने में तहरीर दे दी है।

# डीसीएम की टक्कर से ग्रामीण की मौत, पत्नी ने दर्ज कराया मुकदमा

**तिलहर, अमृत विचार:** चीनी मिल से गन्ना तुलवाकर बैलगाड़ी से लौट रहे ग्रामीण की सड़क हादसे में मौत के मामले में मृतक की पत्नी ने डीसीएम चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव खिरिया माल निवासी छाया देवी पत्नी अमित सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 फरवरी की रात करीब एक बजे नेशनल हाईवे पर पावर हाउस के पास तेज गति और लापरवाही से आई डीसीएम ने पीछे से बैलगाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में उनके पति अमित सिंह पुत्र फकीरें सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी बाद में मौत हो गई। दुर्घटना में गांव के हरवीर और जसवीर भी घायल हुए हैं। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# गन्ने के खेत में मृत तेंदुआ मिलने से मचा हड़कंप


गन्ने के खेत में मृत पड़ा तेंदुआ। ● अमृत विचार

सेहरामऊ दक्षिणी,

**अमृत विचार:** कस्बा निवासी आनंद प्रकाश सिंह उर्फ मटोल सिंह के गन्ने के खेत में तेंदुआ दिखाई देने की सूचना से इलाके में दहशत फैल गई। पड़ोसी किसान के खेत में गन्ना छिलाई के लिए जा रहे कस्बा और जुम्मनपुरवा के ग्रामीणों ने खेत के किनारे तेंदुआ को पड़ा देखा तो शोर मचाते हुए भाग निकले। सूचना मिलने पर आनंद प्रकाश सिंह ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। हल्का दरोगा मोहित कुमार ने वन विभाग को सूचना दी। बाद में मौके पर पहुंची वन विभाग टीम ने लोगों को करीब सौ मीटर दूर कर दिया। तेंदुआ मृत अवस्था में मिला, जिसे देखने आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। डीएफओ के निर्देश पर रेंजर और वन कर्मियों ने क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित कराया।


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर

डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक

अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर से पैरों का दर्द)
दिमाग में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# गोशाला निर्माण को एसडीएम ने जमीन का निरीक्षण किया

## संरक्षण के लिए जमीन अधिग्रहण कर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा


गौशाला निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण करते एसडीएम सदानंद सरोज।

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचारः** गोवंश संरक्षण योजना के तहत नगर पालिका की ओर से प्रस्तावित गौशाला निर्माण के लिए उप जिलाधिकारी सदानंद सरोज ने नगर से बाहर चुंगी रकवा क्षेत्र की जमीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लेखपाल तरुण प्रताप सिंह ने बताया कि मौके पर लगभग 25 बीघा भूमि उपलब्ध है, जहां गौशाला का निर्माण संभव है। एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश से योजना को लेकर चर्चा करते हुए जल्द आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोवंश संरक्षण के लिए जमीन अधिग्रहण कर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

### कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना तिलहर क्षेत्र के मोहल्ला मौजमपुर कस्बा में कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध निर्माण और रास्ता अवरुद्ध किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सहायक सर्वे वक्फ आयुक्त ने एसडीएम तिलहर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। मोहल्ला मौजमपुर निवासी सुब्हान अली पुत्र मोहसिन अली आदि ने 26 फरवरी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी कि गाटा संख्या-58 रकबा लगभग एक एकड़ में दर्ज वक्फ संख्या-1423 कब्रिस्तान की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा दीवार तोड़कर कब्जा करने और अवैध निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया कि कब्रिस्तान तक आने-जाने के पुराने रास्ते का आवागमन बाधित कर दिया गया है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार 24 फरवरी को कुछ व्यक्तियों ने कब्रिस्तान की दीवार और गेट को नुकसान पहुंचाया तथा निर्माण कार्य शुरू करने की कोशिश की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक सर्वे वक्फ आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों और थाना तिलहर पुलिस को वक्फ संपत्ति की पैमाइश कराने तक निर्माण रुकवाने के निर्देश दिए हैं।

# युवक को छुड़ाने के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी

संवाददाता, तिलहर

- पीड़ित पिता ने दो युवकों के खिलाफ कोतवाली में दी तहरीर

**अमृत विचारः** दलित नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के मामले में जेल गए युवक को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाने का झांसा देकर उसके पिता से डेढ़ लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित दंपति ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने के मामले में आरोपी सलीम को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। किशोरी के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप और पॉस्को एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया था। आरोप है कि इसी दौरान नगर के मोहल्ला नजरपुर निवासी सलीम के पिता अली हसन से युवक को पुलिस से छुड़ाने के नाम पर नजरपुर निवासी हाशिम और खैरपुर निवासी रोमान ने डेढ़ लाख रुपये ले लिए।

बाद में जब आरोपी जेल भेज दिया गया तो अली हसन ने दोनों युवकों से अपने रुपये वापस मांगे, लेकिन उन्होंने रकम लौटाने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई और आरोपियों की बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सुनाई।

कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मौत का कारण स्पष्ट नहीं बिसरा सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- विसरा जांच के लिए भेजा जाएगा, हसमत अली की मौत का मामला

**अमृत विचारः** मीरानपुर कटरा पुलिस ने पशु अस्पताल के कर्मचारी के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट ने होने से बिसरा सुरक्षित रख दिया गया, जो जांच के लिए भेजा जाएगा। जबकि परिवार वालों ने हत्या की आशंका जतायी थी।

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला आतिशबजान निवासी 48 वर्षीय हसमत अली कस्बा में पशु अस्पताल में चपरासी के पद पर कार्यरत थे। 16 फरवरी को सुबह आठ बजे डियूटी के लिए गए थे और वापस लौटकर नहीं आए थे। उनकी पत्नी नाजिश तथा अन्य लोगों ने रिश्तेदारी आदि में तलाश किया था और पता नहीं चला था। 19 फरवरी को उनकी पत्नी ने कटरा थाना में गुमशुदगी दर्ज करायी थी। गुरुवार को दिन में 11 बजे लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिउरा मोड़ पर कूड़े के ढेर में उनका शव मिला था। शरीर का मांस गल गया था और कीड़े पड़ गए थे। नाजिश ने पति के रुप में शव की शिनाख्त की थी। सीओ तिलहर ज्योति यादव ने मौके का निरीक्षण किया था। परिवार वालों ने हत्या की आशंका जतायी थी। कटरा पुलिस ने हसमत अली के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित रख दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बिसरा जांच के लिए भेजा जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिना सुरक्षा उपकरण के काम करने को विवश कर्मचारी

**तिलहर, अमृत विचारः** नगर के बाईपास चौराहे स्थित ओवर ब्रिज पर साफ-सफाई और रंगाई कार्य के दौरान कार्यदाई संस्था की गंभीर लापरवाही सामने आई है। राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना ट्रस्ट एनएचआईटी की ओर से कराए जा रहे कार्य में कर्मचारी राजवीर करीब 40 फीट ऊंचाई पर मात्र एक फीट चौड़े गार्डर पर बिना हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट और सेफ्टी शूज के सफाई करते नजर आए। सफाई के दौरान ऊपर से गिर रही धूल नीचे से गुजर रहे लोगों की आंखों में पड़ रही है, जिससे कई बाइक और साइकिल सवार गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। लोगों ने कर्मचारियों और राहगीरों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। एनएचआईटी के प्रोजेक्ट मैनेजर अंजनी कुमार ने कहा कि यदि कोई कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण के काम करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# रजिस्ट्री भूमि पर जबरन निर्माण गिराने का आरोप

संवाददाता, शाहजहांपुर

- फर्जी तरीके से कब्जा करने की कोशिश की शिकायत

**अमृत विचारः** बंडा निवासी लखविंदर कौर पत्नी अमर सिंह ने अपनी रजिस्ट्री भूमि पर जबरन कब्जा किए जाने और निर्माण गिराए जाने की शिकायत डीएम से की है। पीड़िता ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

शिकायत में बताया गया है कि वर्ष 2021 में लखविंदर ने भूमि की विधिवत रजिस्ट्री कराई थी, जिस पर पीड़िता की ओर से प्लॉट की बाउंड्री भी कराई गई थी। आरोप है कि 25 फरवरी को कुछ लोगों ने जबरन पहुंचकर बाउंड्री को गिरा दिया और जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। पीड़िता का कहना है कि संबंधित व्यक्ति फर्जी तरीके से भूमि पर अधिकार जताते हुए कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि रजिस्ट्री भूमि पर अवैध कब्जा रोका जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो। प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि जमीन पर जबरन कब्जा किए जाने की कोशिश लगातार की जा रही है, जिसे रोकना न्यायहित में आवश्यक है।

## दो घंटे का ब्लाक, तीन ट्रेनें खड़ी रही

**शाहजहांपुर :** डाउन और अप लाइन पर दो घंटे का ब्लाक लिया गया। दौरान डाउन व अप लाइन की तीन ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रोक दिया गया। शुक्रवार को डाउन लाइन में कटरा और तिलहर तथा अप लाइन रोजा और शाहजहांपुर के बीच पौने दो बजे से पौने चार बजे तक कंट्रोल ने ब्लाक दिया।

# होली पर हुड़दंग करने वालों को भेजा जाएगा जेल

**कलान, अमृत विचारः** होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में उप जिलाधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह और सीओ अजय राय की मौजूदगी में गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बिगाड़ने या हुड़दंग करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा और सीधे जेल भेजा जाएगा।

रंग वाले दिन चार अप्रैल को व्यापारियों से दुकानें बंद रखने की अपील की गई। बैठक में थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा, शिक्षक संघ प्रदेश महामंत्री संजय सिंह, प्रधान उमेश कनौजिया, रंधावा सिंह उर्फ दीपू, सखेंद्र सिंह राणा, रामनिवास गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता और श्यामपाल सिंह यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर-ऑटो भिड़ंत में दो सवारियां गंभीर घायल

**तिलहर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित अग्रवाल ढाबा के पास गुरुवार देर शाम गन्ने से भरी खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से सवारियों से भरा ऑटो घुस गया, जिससे ऑटो में बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब मीरानपुर कटरा की ओर से आ रहा ऑटो सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। दुर्घटना में मीरानपुर कटरा के मोहल्ला बाजार निवासी शिवम मौर्या और तिलहर नगर के मोहल्ला उम्मरपुर निवासी अहमद अली गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां डॉ. ने हालत गंभीर देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर कोतवाली ले गई। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


# टीईटी अनिवार्य करने के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले सैकड़ों शिक्षक खिरनीबाग रामलीला मैदान में जुटे


टीईटी अनिवार्यता के विरोध में कलेक्ट्रेट जाते शिक्षक। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** वर्ष 2011 से पूर्व निर्धारित नियमावली और अहर्ताओं के आधार पर नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता के विरोध में जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों के आह्वान पर सैकड़ों शिक्षक दोपहर बाद खिरनीबाग रामलीला मैदान में एकत्र हुए और सभा कर आदेश को उत्पीड़नात्मक बताया।

सभा को संबोधित करते हुए टीएफआई की राष्ट्रीय संगठन मंत्री अर्चना तिवारी ने कहा कि सभी शिक्षक शासन की निर्धारित योग्यताओं के अनुसार चयनित हुए थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में टीईटी वर्ष 2011 से लागू हुआ, लेकिन बाद में नियमावली में संशोधन कर पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर भी अनिवार्यता लागू कर दी गई, जिसके बाद न्यायालय का निर्णय आया। उन्होंने संशोधन निरस्त करने की मांग की।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष दिनेश गंगवार ने कहा कि अधिकांश शिक्षक 50 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं और सेवानिवृत्ति के निकट हैं, ऐसे में परीक्षा की अनिवार्यता अन्यायपूर्ण है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई ने कहा कि नियुक्ति के समय लागू नियमावली ही प्रभावी होती है और बाद के नियमों के आधार पर पूर्व नियुक्त शिक्षकों को परीक्षा के लिए बाध्य करना उचित नहीं है। सभा के बाद करीब साढ़े चार बजे शिक्षक पैदल मार्च करते हुए नारेबाजी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 2009 की एनसीटीई अधिसूचना के बाद भी 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों का चयन तत्कालीन नियमों के अनुरूप हुआ था और लगभग 30 वर्ष सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों पर इस चरण में टीईटी लागू करना न्याय सिद्धांतों के विपरीत है। फेडरेशन ने सेवा से पृथक करने की कार्रवाई पर रोक लगाने और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की मांग की।

धरना-प्रदर्शन में रविंद्र पाल प्रजापति, डॉ. विनय गुप्ता, राजकुमार तिवारी, मंगरे लाल, विश्राम सिंह, अंकुर त्रिपाठी, यशपाल सिंह, नितिन मिश्रा, आदेश सिंह, विजय प्रताप सिंह, सरताज अली, नफीस खां, धनपाल सिंह, बृजेश कुमार वर्मा, सचिन अवस्थी, वारिस अली, राजकुमार सिंह, अजय कुमार, कवित कुमार, अवनीश यादव, धीरेंद्र कुमार, प्रदीप सिंह, अरविंद सिंह, सुनील सिंह, आनंद बिहारी, अरविंद त्रिपाठी, प्रदुम्न सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, गौरव पाण्डेय, सीमा सिंह, सुषमा गुप्ता, शैली चौधरी, रुचि गुप्ता, गायत्री शुक्ला, रेखा रस्तोगी, नीतू अधिकारी, अनुराधा अग्रवाल, शैफाली, रिचि गर्ग, रेनू शुक्ला, रीना राजपूत, आंचल, मानिका, साधना सहित सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# फोटो खींचने से मना करने पर ग्रामीण से मारपीट

**तिलहर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव धीर गोटियां में फोटो खींचने का विरोध करने पर ग्रामीण के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। गांव निवासी रामदास पुत्र पूरनलाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह अपने बाग में बैठा था, तभी गांव के ही महेंद्र, जितेंद्र और बृजेश पुत्रगण भगवान दास उसकी गलत तरीके से फोटो खींचने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रमजान की बरकतें हासिल करने में जुटे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- इफ्तार के वक्त इनकी खुशी देखते बनती है

**अमृत विचार :** रमजान की नेमतें और बरकतें हासिल करने में बड़ों के साथ बच्चे भी तन मन से जुटे हुए हैं। बच्चों में भी रोज़ा रखकर नमाज़ पढ़ने का उत्साह देखने को मिल रहा है। इफ्तार के वक्त उनकी खुशी देखते बन रही है।

मोहल्ला एमनजई जलाल नगर में असलम ख़ां व शाहीन के 10 वर्षीय बेटे असद ने अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखा। रोज़ा रखकर नमाज़ पढ़ने की खुशी अहज़ाब से ज़्यादा उसके अम्मी अब्बू को हो रही थी। शाम को सभी ने असद के साथ दस्तरख्वान सजाकर रोज़ा खोला। और रोजा पूरा होने पर चाचा इनाम, खालिद, यूसुफ आदि ने असद को ढेर सारी दुआएं दी और अल्लाह का शुक्र अदा किया। एमनजई जलाल नगर के किराना दुकानदार मोहम्मद नवाज़ खां व हुमा खानम के 7 वर्ष के बेटे मोहम्मद महाद खां और 12 वर्ष की बेटी मुंतहा भी सहरी खाकर रोज़े रख रही है। दोनों बच्चे नमाज़ भी पढ़ते हैं। इफ्तार के वक्त दोनों की खुशी देखते ही बनती है। दादा हाजी कमाल अहमद खां और दादी अफ़जाना बेगम, बिलाल, निजाम के अलावा घर के दूसरे सदस्य इन बच्चों को इनाम और तोहफे देकर उनकी हौसला अफजाई कर रहे हैं। इसके अलावा मोहम्मद उमर व शहनाज के छह वषीर्य बेटे मोहम्मद जुनैद ने जिंदगी का पहला रोजा रखा। चाचा मोहम्मद समीर, मोहम्मद शफी ने जुनैद को दुआएं देकर उसका हौसला बढ़ाया।

# दिनदहाड़े महिला के कुंडल नोचकर बाइक सवार बदमाश फरार

**कलान, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव वेहटी निवासी राकेश जाटव की पत्नी नन्ही देवी अपनी पुत्री दिवाली के साथ शुक्रवार अपराह्न करीब दो बजे बाइक से साप्ताहिक बाजार कलान होली का सामान खरीदने जा रही थीं। गढ़िया छड़ी मार्ग पर सथराधर्मपुर गौशाला के पास पीछे से आई बाइक पर सवार दो बदमाशों ने चलते वाहन से नन्ही देवी के कानों के कुंडल नोच लिए और मौके से फरार हो गए। पीड़ितों ने कुछ दूर तक बदमाशों का पीछा किया, लेकिन आरोपी भागने में सफल रहे। घटना के बाद पीड़ितों ने शोर मचाया और थाने पहुंचकर सूचना दी। थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है, फिर भी मामले की जांच कराई जा रही है।



**इफ्तार** 28 फरवरी
सुन्नी: 06.17
शिया: 06.27

**सहरी** 1 मार्च
सुन्नी: 05.16
शिया: 05.09

नोट: क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन लोगों को पीटकर किया घायल

**बिसौली, अमृत विचार:** बिसौली क्षेत्र के गांव गुलड़िया निवासी योगेश पुत्र भगवानदास ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 जनवरी को उनके पड़ोस के मनवीर, रामौतार चारा काटने के लिए उनके घर पर आ थे। योगेश ने मना करते हुए कहा कि अभी उनकी पत्नी खाना बना रही हैं। इस पर वह दोनों गाली-गलौज करने लगे। कहा कि वह दोनों अभी चारा काटेंगे। पड़ोसी होने के नाते वह शांत बैठ गए थे। 26 जनवरी को उनके घर के सामने नाले में सांप निकल आया था। योगेश के भाई ने नेकपाल के लड़के का हाथ पकड़कर दूर कर दिया कि सांप उसे न डस ले। इसी बात को लेकर नेमपाल, रामौतार, मनवीर और नेमपाल की पत्नी भागवती उनके घर के आगे झगड़ा करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों से वार करके तीन लोगों को घायल कर दिया।

### वन बेहटा में भागवत कथा का समापन

**बिल्सी, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव वन बेहटा शिव मंदिर पर पिछले सात दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर शुक्रवार को ग्रामीणों ने एक भव्य भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रसाद वितरण की व्यवस्था सुव्यवस्थित रही। इस मौके पर भानु प्रताप सिंह चौहान, अरुण सिंह, यादराम शाक्य, विजय कश्यव, अर्जुन सिंह भूरे चौहान, संदीप सिंह, मोनू सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

# पत्नी को जान से मारने के प्रयास में 10 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- न्यायाधीश ने आरोपी को पाया दोषी, लगाया 20 हजार रुपये जुर्माना

**अमृत विचार:** पत्नी की गर्दन पर खुरपा से वार करके जान से मारने के प्रयास करने के आरोपी पति को त्वरित न्यायालय महिलाओं से संबंधित अपराध के न्यायाधीश विकास सिंह ने दोषी पाया है। उसे दस साल के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादिनी उसहैत क्षेत्र निवासी सोनी देवी पुत्री स्व. मोरपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव पलिया नगला निवासी जसवीर पुत्र शिव सहाय के साथ हुई थी। उनके पिता मोरपाल की मौत के बाद वह अपने मायके आई थीं। उनके पति भी तीन दिन के बाद मायके आए। उन्होंने पति से खर्च के लिए रुपये मांगे। इसी बात पर पति ने 27 मई 2020 की रात लगभग साढ़े 12 बजे महिला पर सोते समय गर्दन पर खुरपा से कई वार करके जान से मारने का प्रयास किया।

महिला चिल्लाई तो उसकी मां अनीता, ताई सावित्री आ गईं। जिन्होंने घटना देखी। महिला की गर्दन और शरीर पर चोट आईं। महिला ने रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच की। न्यायालय में जसवीर के खिलाफ उसकी पत्नी सोनी देवी की हत्या के प्रयास का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अपर शासकीय अधिवक्ता मदनलाल राजपूत और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी जसवीर को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

**आंकड़े:** जिले में रोज होता है लगभग 8 लाख लीटर दूध का उत्पादन, घरों से लेकर बरेली तक सप्लाई

# मंडल में दूध उत्पादन में बदायूं प्रथम, फिर भी मिलावट का खेल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले में रोजाना 8 लाख लीटर का उत्पादन हो रहा है। इनमें से तीन लाख लीटर दूध घरों में इस्तेमाल किया जाता है। वहीं अमूल, राम संस और पारस सहित अन्य निजी कंपनियां छह लाख लीटर दूध को खरीद रही हैं। इसके अलावा करीब ढाई लाख लीटर दूध मिठाई की दुकानों पर खप रहा है।

ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि 8 लाख लीटर उत्पादन होने के बाद ढाई लाख लीटर दूध कहां से आ रहा है। विभागों से मिले आंकड़ों पर गौर करें तो दूध में मिलावट किए जाने को बल मिल रहा है।

दुग्ध विकास विभाग 280 से अधिक समितियां जिले सभी 18 ब्लॉकों में कार्य कर रही हैं। इसके अलावा निजी कंपनियों के द्वारा भी रोजाना दूध की खरीद की जा रही है।



छह लाख लीटर दूध निजी कंपनियों के द्वारा गठित समितियों के माध्यम से पशुपालकों से खरीदा जा रहा है। इसके अलावा जिले में तीन से अधिक कंपनियां 50 हजार लीटर से अधिक दूध की बिक्री कर रही हैं। यहां तक कि रोजाना 20 हजार लीटर दूध बरेली जिले में सप्लाई किया किया जा रहा है। इसके अलावा मिठाई की दुकानों और घरों में दही, मट्ठा, पनीर, खोया आदि बनाया जा रहा है।

दुग्ध विकास विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग के आंकड़े बताते हैं कि जिले में करीब साढ़े दस लाख लीटर दूध की रोजाना खपत होती है। होली, दीपावली सहित अन्य त्योहारों और सहालग सीजन के दौरान दूध की खपत और अधिक बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति होने के बाद भी दूध की मांग पूरी हो रही है। ऐसे में साफ प्रतीत हो रहा है जिले में दूध और दूध से निर्मित होने वाले खाद्य पदार्थ में जमकर मिलावट हो रही है।

- करीब तीन लाख लीटर दूध जिले की करीब 33 लाख आबादी पी रही
- कंपनियों के बंद पैकेट के अलावा गांवों से हो रही है दूध की सप्लाई

### अब तक 150 से अधिक दूध के नमूने आ चुके हैं फेल

खाद्य सुरक्षा विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले 11 महीनों के दौरान तीन सौ से अधिक दूध और उससे निर्मित खाद्य पदार्थ के सैंपल लिए गए। इनमें करीब 150 सैंपल फेल आए हैं।

### दूध उत्पादन में जिले का मंडल में पहला स्थान

दुग्ध विकास विभाग के अधिकारियों की मानें तो दूध उत्पादन के मामले में बदायूं जिले का मंडल में प्रथम स्थान है। यहां से दूध और उससे बने खाद्य पदार्थ बरेली सहित अन्य जिलों में भी सप्लाई होते हैं।

> दूध उत्पादन के मामले में बदायूं का मंडल भर में प्रथम स्थान है। बदायूं करीब 8 लाख लीटर दूध का उत्पादन होता है। करीब तीन लाख लीटर दूध खपत घरों में हो रही शेष दूध की खरीद निजी कंपनियों के द्वारा की जा रही है। खरीद के साथ साथ निजी कंपनियों के द्वारा 50 हजार लीटर से अधिक दूध की बिक्री भी हो रही है। दूध का उत्पादन और बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।
> **मनीष सिंह**, जिला दुग्ध विकास अधिकारी

# जिले में 10 सहकारी समितियों का गठन

## सहकारिता विभाग बढ़ा रहा दायरा, कंप्यूटरीकरण भी शुरू, किसानों को बढ़ेंगी सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नई समितियों के गठित होने के बाद 150 हो जाएगीं संख्या
- नई गठित मल्टीपर्पज समितियों से 40 से अधिक गांव जोड़े

**अमृत विचार:** सहकारिता विभाग जिले में नई क्रांति की गाथा लिखने की ओर अग्रसर है। सहकारिता समितियों का लगातार दायरा बढ़ता रहा है। जिले में 10 नई समितियों का गठन गया है। इन पर कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। आठ नई समितियां के गठन की तैयारी चल रही है। नई समितियों के संचालन के लिए जीएसटी और लाइसेंस प्राप्त करने को लेकर विभागीय अधिकारियों ने आवेदन कर दिया है। सभी समितियां मल्टीपर्पज हैं। इनके माध्यम से किसानों को उर्वरक और ऋण वितरण सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

अब से एक साल पूर्व तक जिले में 132 समितियां स्थापित थीं। इनमें से मात्र 65 समितियां ही सक्रिय रूप से कार्य कर रही थीं। शेष समितियों की दिशा बेहद खराब भी उनका संचालन भी नहीं हो रहा था। साल 2024 से उनकी आर्थिक स्थिति सुधारनी शुरू हुई। शासन के आदेश के पर विभागीय अधिकारियों ने सभी समितियों को संचालित कराने की ओर कदम बढ़ाया। साथ ही उन्हें कंप्यूट्रीकृत थी किया जाने लगा। मृतप्राय समितियों को जीवित करने के बाद विभाग द्वारा शासन के आदेश पर उनका दायरा बढ़ाना शुरू किया गया है। सहकारिता विभाग द्वार दस नई समितियों का गठन किया गया है। उनका संचालन भी शुरू हो गया है। नई समितियों के संचालन के बाद विभाग द्वारा आठ नई समितियां स्थापित करने की कवायद शुरू कर दी है। नई गठित मल्टीपर्पज समितियों से 40 से अधिक गांव जोड़े गए हैं। आठ नई समितियों के गठन के बाद जिले में सहकारी समितियों की संख्या 150 हो जाएगी। नई समितियों का गठन पुरानी समितियों के पुनर्गठन के बाद किया गया है। विभिन्न गांवों को इन समितियों से जोड़ा जाएगा, जिससे किसानों को सुविधा मिलेगी। विभाग द्वारा नई गठित की रही सहकारी समितियों पर किसानों में उर्वरक बिक्री के लिए जीएसटी और लाइसेंस नंबर की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके बाद समितियों में चुनाव कराए जाएंगे।

### सहकारी समितियों से जुडे हैं 1.50 लाख किसान

विभागीय अधिकारी के अनुसार जिले में 142 सहकारी समितियां संचालित हैं। इन समितियों से लगभग 1.50 किसान जुड़े हुए हैं। अब से दो साल पूर्व तक समितियां मृतप्राय होने की वजह से किसानों को उर्वरक और ऋण जैसी सुविधाओं के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए शासन ने समितियों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया था। जिसके चलते जिले में सहकारी समितियों का गठन किया जा रहा है।

### इन समितियों के गठन की हो रही तैयारी

किसानों को सहूलियत देने के लिए आठ और नई समितियां गठित हो रही हैं। इनमें सहसपुर, आनंदपुर, चंगासी, पचरौरा, दिवानगर, बडौरी सागरपुर, भवानीपुर खैरा, बादलपुर और सिरतौली में समिति का गठन किए जाने की प्रक्रिया चालू है।

### ये नई समितियां हुई संचालित

सहकारिता विभाग द्वारा जिले में गठित की गई दस नई एमपैक्स सहकारी समितियों का संचालन हो चुका है। इनमें बसंत नगर, हजरतगंज, बैन, सिरासौल, ज्योरापार वाला, खजुरा पुख्ता बमनौसी, भूडा भदरौल, किशोरपुर, अभयपुर और पीरा में नई समिति संचालित हुई है।

> दस गठित की गई नई समितियां शुरू करा दी गई हैं। आठ के गठन की प्रक्रिया चल रही है। उर्वरक बिक्री के लिए जीएसटी और लाइसेंस नंबर की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद चुनाव कराए जाएंगे। इसके बाद इनका संचालन शुरू करा दिया जाएगा।
> **मुन्नालाल मिश्रा**, एआर कोऑपरेटिव

# 15 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** प्रदेश में दरोगा के लिए भर्ती परीक्षा 14 और 15 मार्च को होगी। जिले में परीक्षा के लिए 15 केंद्र बनाए गए हैं। दो पालियों में होने वाली परीक्षा में करीब साढ़े तीन हजार से अधिक अभ्यर्थी बैठेंगे।

यूपी बोर्ड परीक्षा के समाप्ति के बाद प्रशासन स्तर से दरोगा भर्ती परीक्षा की तैयारी भी चल रही है। 14 और 15 मार्च को होने वाली परीक्षा के लिए शहर के 15 कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। इनमें राजकीय महिला महाविद्यालय, इस्लामिया इंटर कॉलेज, केदारनाथ इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी उझानी, एनएमएसएन दास कॉलेज कॉलेज, नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज, पार्वती आर्य कन्या इंटर कॉलेज, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, राजाराम महिला इंटर कॉलेज, राजकीय डिग्री कॉलेज, राजकीय पॉटीलेक्निक कॉलेज, एसके इंटर कॉलेज और सिंगलर गर्ल्स इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 से 12 बजे तक और दोपहर तीन से पांच बजे तक दूसरी पाली होगी।



केंद्र का निरीक्षण करते डीएम अवनीश कुमार राय। ● अमृत विचार

> पुलिस भर्ती परीक्षा 14 व 15 मार्च को होगी। 15 कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। तैयारी चल रही है। केंद्र व्यवस्थापकों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं।
> **लालजी यादव**, डीआईओएस बदायूं

- 14 और 15 मार्च को दो पालियों में होगी पुलिस भर्ती परीक्षा
- परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे साढ़े तीन हजार से अधिक अभ्यर्थी, चल रही तैयारी

### डीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**बदायूं, अमृत विचार:** शुक्रवार को डीएम ने अवनीश कुमार राय ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शुक्रवार को जिलाधिकारी अवनीश राय ने उप निरीक्षक (एसआई) परीक्षा के लिए बनाए गए महात्मा गांधी इंटर कॉलेज उझानी व राजकीय पॉलिटेक्निक आदि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने केंद्रों पर सीसीटीवी, प्रकाश, पार्किंग, साफ-सफाई, पेयजल परीक्षा कक्ष, प्रवेश द्वार आदि व्यवस्थाओं को देखा। डीएम ने अधिकारियों व परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों को निष्पक्ष, पारदर्शी, सुचितापूर्ण व परीक्षा कराने के आदेश दिए।

# चेकिंग में हुए विवाद पर पुलिस ने घर जाकर पीटा

संवाददाता, ओरछी

- मारपीट के दौरान पीड़ित की कार में गिर गया था सिपाही का मोबाइल फोन

**अमृत विचार:** फैजगंज बेहटा पुलिस की कार्यप्रणाली अक्सर ही सवालों के घेरे में रहती है। पुलिस का एक और मामला सामने आया है। आरोप है कि मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर चेकिंग के नाम पर पुलिस ने पिता-पुत्र को बेरहमी से पीटा। फिर रात को घर में घुसकर मारपीट की और उसकी कार थाने ले जाकर सीज कर दी। पीड़ित ने अपना वीडियो वायरल करके शिकायत की है।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव अजनावर निवासी रवि शंकर ने बताया कि वह अपने पिता राधेश्याम के साथ रिश्तेदारी से वापस लौट रहे थे। राजमार्ग पर थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में लघुशंका करने के लिए रुके। इसी दौरान पुलिस पहुंच गई। आरोप है कि पूछताछ के दौरान पुलिस ने पिता-पुत्र को बुरी तरह से पीटा। इसी दौरान एक सिपाही का मोइल फोन उनकी कार में गिर गया। किसी तरह पिता-पुत्र अपने घर पहुंचे। पुलिस मोबाइल फोन बरामद करने के लिए नंबर ट्रेस करके बिसौली क्षेत्र में उनके घर पर पहुंच गई। रात में उनके घर पर दबिश दी। परिजनों से अभद्रता की। पुलिस उनकी कार थाने ले गई। कार सीज कर दी और उनका शांतिभंग में चालान कर दिया। थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने मारपीट के आरोप को नकारा है। कहा यह रूटीन चेकिंग का हिस्सा है। क्षेत्र में बढ़ रही चोरियों की वजह से राजमार्ग पर संदिग्ध और व्यक्तियों की चेकिंग की गई थी।

# खुले पड़े केबल बॉक्स और लाइनों की मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शहरी क्षेत्र में खुले केबल बॉक्स को 10 दिन में बंद करने और उनकी मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं। जिससे आज करीब दर्जन भर केबल बॉक्स बंद किये गए। सड़कों पर लगे बड़े केबल बॉक्स खुले मिलने पर संबंधित लाइनमैन और जेई के खिलाफ कार्रवाही की जाएगी।

शासन के निर्देश पर जिले में अनुरक्षण माह चलाया जा रहा है। बिजली विभाग अपनी लाइनों बिजली घरों खंभों और केबल बाक्स ठीक कर रहा है। पिछले एक सप्ताह में पचास से अधिक झूलती लाइनों को ठीक किया जा चुका है। अब खुले केबल बॉक्स ठीक किए जा रहे हैं। जिससे लोगों को किसी तरह का खतरा न रहे। शुक्रवार को बिजली विभाग के कर्मचारियों ने सिविल लाइन क्षेत्रों में खुले पड़े केबल बॉक्स बंद किए। पुलिस लाइन चौराहे के निकट मेन रोड पर काफी समय से खुला पड़ा केबल बॉक्स ठीक किया गया। खंभे से आने वाली लाइन के तारों को बदला गया जिससे किसी तरह का हादसा न हो। इस इलाके में कई बार खुले केबल बॉक्स से गोवंश की मौत हो चुकी है। इंदिरा चौक से रेलवे स्टेशन रोड पर करीब छह स्थानो पर केबल बॉक्स ठीक किए और कई जगह पर खुले केबल बॉक्स बंद किए। इस क्षेत्र में छुट्टा पशुओं के घूमने से हादसों की आशंका बनी रहता है।



खुले केबल बॉक्स ठीक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- पचास स्थानों पर झूलती लाइनों को किया ठीक
- अनुरक्षण माह के तहत मरम्मत में जुटा बिजली विभाग

### कर्मचारियों की तय की जिम्मेदार

अनुरक्षण माह के तहत शुरू किये गए मरम्मत कार्य की प्रतिदिन की रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है। विभाग को प्रतिदिन काम करने का लक्ष्य दिया जा रहा है। लक्ष्य पूरा होने पर जिम्मेदारों से जवाब मांगा जा रहा है। शिथिलता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। होली के त्यौहार को देखते हुए विभाग ने सभी कर्मचारियों की जिम्मेदार निर्धारित कर दी है।

### चिन्हित स्थानों पर होगा काम

शहर में गर्मी मौसम शुरू होने से पहले ही बिजली की लाइन और खंभों को चेक किया जा रहा है। जहां पर भी समस्या मिल रही है वहां काम किया जा रहा है। नवादा से लेकर लालपुल तक और दातागंज चौराहे से लेकर बिल्सी रोड तक करीब 147 स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां पर मरम्मत का कार्य किया जाएगा। चिन्हित स्थानों पर ही काम शुरू किया गया है। जिससे लोगों को दिक्कत न हो।

# पांच लाख रुपये की अफीम के साथ दो लोग गिरफ्तार



दातागंज पुलिस की गिरफ्त में अफीम के साथ पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मौके से दोनों को पकड़ा

**अमृत विचार:** दातागंज पुलिस ने अफीम के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 1.01 किग्रा अफीम बरामद हुई। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग पांच लाख रुपये है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा है।

कोतवाली दातागंज के प्रभारी निरीक्षक को अफीम तस्करों के बारे में सूचना मिली थी। उन्होंने उपनिरीक्षक मुकेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन करके मौके पर भेजा। जिसके आधार पर पुलिस संस्कार स्कूल के आगे सड़क किनारे कच्ची चकरोड मोड़ के पास पहुंची। जहां से दातागंज नगर के वार्ड 13 निवासी प्रशांत गुप्ता पुत्र कुलदीप गुप्ता और दातागंज के मोहल्ला बड़ा परा निवासी हर्षित गुप्ता पुत्र संजीव गुप्ता को पकड़ा। जिनके पास से अफीम बरामद हुई। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

**गति शक्ति** 10 फीट आगे रहेगा गेट, चौड़ाई बढ़ी, निरीक्षण कर दिया मुख्य गेट बनाने का नक्शा

# पंद्रह फुट ऊंचा बनेगा रेलवे स्टेशन का मुख्य गेट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गति शक्ति के तहत रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। अब रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट को ऊंचा कर तैयार किया जा रहा है। इसके लिए खुदाई कर दी गयी है। जमीन के नीचे फाउंडेशन तैयार हो चुका है। मुख्य गेट 15 फीट ऊंचाई और 10 फीट आगे बढ़ा कर तैयार किया जा रहा है जिससे गेट की भव्यता दूर से देखी जा सके।

रेलवे स्टेशन पर पिछले दो सालों से तेजी निर्माण कार्य हो रहा है। दोनो प्लेटफार्म को बढ़ा दिया गया है। टीनशेड का विस्तार करते हुए फर्श तोड़ कर पत्थर लगाया गया है। उक्त कार्य होने के बाद अब रेलवे स्टेशन का मुख्य गेट तैयार किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा तैयार किये गए नक्शे के आधार पर गेट की लंबाई चौड़ाई तैयार की जा रही है। आम यात्रियों को अंदर जाने के रास्ते के साथ ही विकलांगों को आने जाने को रेलिंग बनायी गयी है। पहले बना मुख्य गेट कम चौड़ा था। लेकिन अब नए नक्शे के हिसाब से रेलवे के नए नियमों के आधार पर गेट और सीढ़ियां तैयार की जा रहीं हैं। रेलवे प्रशासन की ओर से बताया गया कि मुख्य गेट मार्च के अंतिम सप्ताह तक तैयार कर दिया जाएगा। जबकि उसका रंग रोगन में कुछ और समय लग सकता है। मुख्य गेट को आकर्षित बनाने को दो बार नक्शा बदला गया। अब अंतिम बार नए नक्शे के अनुसार गेट तैयार किया जा रहा है।



तैयार हो रहा रेलवे स्टेशन का मुख्य गेट। ● अमृत विचार

### रेलवे परिसर में खड़े नहीं हो पाएंगे ऑटो

रेलवे गेट के बाहर खुले मैदान में ऑटो और ई रिक्शा अब नहीं खड़े हो पाएंगे। रेलवे ने इसके लिए पार्किंग का दायरा और बढ़ा दिया है जिससे रेलवे परिसर में खड़े होने वाले ऑटो अब पार्किंग में ही खड़े होंगे, जिससे यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। रेलवे परिसर के बाहर मुख्य रोड पर बनी दुकानों के आगे किया गया अतिक्रमण हटाया जाएगा जिस0से रेलवे यात्रियों के वाहन अंदर तक पहुंच सकें।

### प्लेटफार्म दो पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

प्लेटफार्म दो पर रेलवे प्रशासन सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाएगा जिससे अराजक तत्वों संदिग्धों और बाहरी लोगों पर नजर रखी जा सके। रेलवे के अनुसार टीन शेड के अंदर और बाहर कैमरे लगाए जाएंगे जिससे यात्रियों को रात के समय ट्रेन का इंतजार करते समय असुविधा न हो। इसके साथ ही प्लेटफार्म दो पर कोच गाइडिंग सिस्टम भी चालू कर दिया गया है जिससे यात्रियों को अपनी ट्रेन और कोच की जानकारी मिल सके।

# समान पुष्टाहार आपूर्ति नहीं हुई तो आंदोलन

**बदायूं, अमृत विचार:** शुक्रवार को मालवीय आवास गृह पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष मोर श्री गुप्ता तथा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि आंगनबाड़ी बहनों एवं लाभार्थियों के साथ अन्याय हो रहा है। आसफपुर, अंबियापुर कादरचौक, दहगवा, समेत कई परियोजनाओं पर नैफेड की सप्लाई प्रत्येक महीने रिफाइंड तेल, दाल, दलिया नियमित रूप से आ रहा है। जबकि बिसौली, वजीरगंज, दातागंज, समरेर, सलारपुर आदि परियोजनाओं पर लोकल इकाई का मीठा एवं नमकीन दलिया की आपूर्ति की जा रही है। जिला उपाध्यक्ष खजाना देवी ने बताया कि जनपद में कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं का लंबित मानदेय शीघ्र दिलाया जाए। जिला महासचिव शोभा वर्मा एवं कुमकुम जौहरी ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल सिंह को दिया गया। संगठन की अगली बैठक 22 मार्च को होगी।

# दो गन्ना माफिया पर रिपोर्ट दर्ज कराई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सरकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड के सचिव की ओर से दी गई थी तहरीर

**अमृत विचार:** गन्ना विकास समिति के सचिव ने चीनी मिल मालिक, अध्यासी और दो गन्ना माफियाओं के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने गन्ना माफियाओं के खिलाफ लोक सेवक को ड्यूटी करने से रोकने और धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की है।

सरकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड के सचिव राजीव कुमार सिंह की ओर से तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि बिसौली के सुजानपुर स्थित यदु शुगर लिमिटेड बंद होने की वजह से क्षेत्र के किसानों के गन्ने की परेशानी हो गई थी। जिसकी वजह से किसानों के पेराई योग्य गन्ने के निस्तारण के लिए बाहरी चीनी मिल जिला संभल के रजपुरा स्थित वीनस मझावली, हरदोई के रूपापुर और बरेली के फरीदपुर स्थित चीनी मिल को गन्ना आवंटित किया गया था। 25 फरवरी की शाम वह क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे।

इसी दौरान उन्होंने दो गन्ना माफियाओं को पकड़ा। पता चला कि गांव सिलहरी के पास गांव अन्नी निवासी मोहन सिंह पुत्र मथुरा लाल और गांव सिलहरी निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र राम भरोसे सिंह किसानों का गन्ना कम दाम पर खरीदकर भरवा रहे थे। भ्रमण के दौरान उन दोनों से इस बारे में जानकारी की गई। दोनों ने बताया कि वह वीनस चीनी मिल के मालिक और अध्यासी उनका गन्ना खरीदकर नकद भुगतान करते हैं।

सचिव माफियाओं के गन्ना लदे ट्रालों को पकड़कर गांव कुनार स्थित क्रय केंद्र पर ले गए। रात होने की वजह से गन्ना उतारने वाले श्रमिक जा चुके थे। जिससे ट्रालों को क्रय केंद्र पर खड़ा करा दिया। रात में किसी ने समय गन्ना माफिया ट्रालों को वहां से ले गए। उस गन्ने को वीनस चीनी मिल समेत अन्य चीनी मिलों पर ज्यादा दम में बेचा जा रहा है। जिससे गन्ना समिति ओर सरकार के राजस्व की क्षति हो रही है। साथ ही सरकार की ओर से घोषित गन्ना आपूर्ति और सट्टा नीति का उल्लंघन कर विभाग और किसानों के साथ धोखाधड़ी करके लाभ कमाया जा रहा है। सचिव ने गन्ना माफिया मोहन सिंह, जितेंद्र सिंह के अलावा वीनस चीनी मिल के अध्यासी अनुपम सिंह और मिल मालिक अतुल कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी, सरकारी कार्य में बाधा डालने और अवैध रूप से गन्ना खरीदने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने दोनों गन्ना माफियाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# होली पर महंगाई ने फीकी कर दी गुजियों की मिठास

## बाजार में गुजिया की खास वैरायटी, दुकानों पर उपलब्ध हैं चॉकलेट से ब्लूबेरी जैसे फ्लेवर में तैयार की गईं गुजियां

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


बिक्री के लिए रखी खोया वाली गुजिया।


टिकट गंज मंडी से खोया की खरीदारी करते लोग। • अमृत विचार


दुकान पर बिक्री के लिए रखी मिठाई। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** दो दिन बाद होली मनाई जाएगी। होली की आहट के बीच बाजार में मिठास घुलने लगी है। दुकानों से गुजिया की सुगंध लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। दुकानों पर गुजिया सज गई हैं। इस बार दुकानों पर घरों में तैयार होने वाली परंपरागत खोया निर्मित गुजिया के साथ ही अन्य वैरायटी भी उपलब्ध है। चॉकलेट से ब्लूबेरी, ड्राई फ्रूट सहित अन्य वैरायटी की गुजिया लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। बाजार में उपलब्ध नए कलेवर वाली गुजिया की कीमत सात सौ रुपये प्रति किलोग्राम से शुरू होती है। लेकिन महंगाई ने गुजिया की मिठास इतनी फीकी कर दी है कि लोग परंपरा निभाने को गुजिया खरीद रहे हैं।

दो मार्च से होली का उत्सव शुरू हो जाएगा। बाजार में रौनक और बढ़ गई है। घरों में भी पकवान बनने शुरू हो गए हैं। घरों में महिला कचरी, पापड़ सहित अन्य खाद्य पदार्थ तैयार कर रही है। होली पर सबसे अधिक पसंद किया जाने वाली पारंपरिक पकवान गुजिया भी घरों में बनाई जाने लगी है। घरों में बनने वाली गुजिया की महक बाजार में भी उठने लगी है। इस बाद मिठाई की दुकानों पर केसर, बनारसी पान, बादाम केसर, पिस्ता नट, बिस्कॉफ, स्ट्रॉबेरी और ब्लूबेरी फ्लेवर की गुजिया लोगों को आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। रंग-बिरंगी और आकर्षक पैकिंग गुजिया सजाई गई हैं।

दुकानदार हरीश कुमार बताया कि काजू केसर और काजू पिस्ता स्ट्रॉबेरी वाली गुजिया 1360 रुपये किलो में उपलब्ध है। पिस्ता नट की गुजिया भी उपलब्ध है। बताया कि इस बार लोगों की पसंद को देखते हुए नए प्रयोग किए जा रहे हैं। ग्राहक पारंपरिक स्वाद के साथ कुछ अलग और खास की मांग कर रहे हैं। लोगों की इसी मांग को ध्यान में रखते हुए नए फ्लेवर तैयार किए गए हैं, जो होली की मिठास को और बढ़ा रहे हैं।

वहीं रेलवे क्रासिंग स्थित मिष्ठान विक्रेता सोनू साहू ने बताया कि खोया से बनी पारंपरिक गुझिया 280 रुपये किलो में उपलब्ध हैं। इसके अलावा सांख, मठरी, सेब और नमक पारे भी होली पर खूब पसंद किए जाते हैं। लोग इनकी खरीदारी करने आ रहे हैं।

### दुकानों पर उपलब्ध है कई तरह की नमकीन

मीठी गुजिया खाने के बाद लोगों को नमकीन का स्वाद भी अच्छा लगता है। इसको देखते हुए कुछ दुकानदार कई प्रकार की नमकीन भी तैयार कर रहे हैं। शहर के सुभाष चौक स्थित मिठाई व नमकीन की दुकान चलाने वाले चाणक्य देव बताया कि उनके सादी मठरी 240, मोटा नमक पारा 240, पपड़ी 240, मेथी रोल 280, करेला नमकीन 280 और खस्ता भी 280 रुपये किलो और खट्टी मीठी नमकीन 360 रुपये किलो मिल रही है।

### खोया के बढ़े दाम

होली पर्व पर बाजार में खोया के दाम पर आसमान छूने लगे हैं। शहर के रजी चौक और टिकटगंज खोया मंडी में खोया का व्यापार करने वाले हरी शंकर ने बताया कि होली के शुरुआत से ही खोया के दाम बढ़ गए हैं। इस समय मावा 360 रुपये किलो तक बिक रहा है। बीते साल इसका रेट 300 और 320 रुपये था।

## विधायक ने प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**कुंवरगांव, अमृत विचार:** राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में चल रहे दस दिवसीय जरी जरदोजी ट्रेड का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हो गया। जिसमें मुख्य अतिथि रहे नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने ट्रेड का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

कहा कि सरकार बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने के लिए तरह-तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है।

जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्हें रोजगार का अवसर प्राप्त हो सके। कहा कि सफलता की पहली सीढ़ी प्रशिक्षण प्राप्त करना विकास के लिए अनिवार्य है। जिससे परिवार और समाज और देश का विकास होता है। इसके बाद उनके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार बांटे गए। इस मौके पर उद्यमिता विकास संस्थान लखनऊ के अनुराग माथुर, उपयुक्त सहायक मोहम्मद फारूक, वेद प्रकाश, साकिब, लक्ष्मी, शुभम वर्मा, खुशबू आदि मौजूद रहे।

# आदर्श स्थानों पर पौधारोपण की तैयारी


बैठक की समीक्षा करते डीएम अवनीश कुमार। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने जिला पौधारोपण समिति की समीक्षा करते हुए समस्त विभागों को निर्देशित किया कि आगामी वर्षा काल में किए जाने वाले पौधारोपण हेतु शासन द्वारा आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष स्थल चयन कर कार्य योजना वन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए व वन विभाग द्वारा 2-3 आदर्श स्थलों का चयन कर सुनियोजित तरीके से वृहद पौधारोपण कार्य कराने की रणनीति तैयार करें।

**• जिलाधिकारी ने की जिला पौधारोपण समिति की समीक्षा**

इसके अतिरिक्त समस्त विभागों द्वारा वर्ष 2020-21 22 एवं 22 23 में कराए गए वृक्षारोपण की थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग की रिपोर्ट के अंतर्गत स्थलों की सूचना प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। एवं जिन विभागों द्वारा अंतर विभागीय जांच का कार्य प्रस्तावित है, जांच पूर्ण कर रिपोर्ट वन विभाग को उपलब्ध कराएं। जिला गंगा समिति की समीक्षा के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा सोत एवं अरिल नदी के पुनरुद्धार के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नदी पुनरोद्धार की कार्ययोजना तत्काल तैयार कर सचिव जिला गंगा समिति को उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर सम्बंधित विभागीय अधिकारी व समिति सदस्य मौजूद रहे।

## तेज़ रफ़्तार वाहनों से लोग परेशान समाधान की मांग

**बिसौली, अमृत विचार :** नगर के मुख्य मार्गों से निकलने वाले वाहनों ने लोगों को भयभीत कर रखा है, परेशान लोगों ने उप जिलाधिकारी राशि कृष्णा से इसके समाधान हेतु एक पत्र के माध्यम से गुहार की है। बिसौली की सड़कें यहां के जनसंख्या घनत्व की तुलना में सकरी हैं। ऐसे में यहां वाहनों की रफ़्तार के चलते हादसे भी होते रहते हैं, गंगा एक्सप्रेस वे और आसफपुर-शाहबाद के बीच अनेक बड़े डम्पर दौड़ते रहते हैं, रात से सुबह तक मिट्टी ढोने वाले ट्रैक्टर्स और आलू ढुलायी में लगे ट्रैक्टर्स परेशान करते हैं। इस समस्या से स्थानीय लोग परेशान रहते हैं। गुरुवार को समाजसेवी अभय वर्मा के साथ एक दर्जन लोगों ने उप जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि आसफपुर रोड पर इन वाहनों की रफ़्तार से बहुत परेशानी हो रही है। इसके समाधान हेतु स्पीड ब्रेकर्स की आवश्यकता जाहिर की है।

# बच्चे आगे बढ़ें, लक्ष्य तक पहुंचें : कुंवरसेन


संविलियन विद्यालय हरर्यपुर में बच्चों को जानकारी देते पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा। • अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** भारत स्काउट और गाइड संस्था की ओर से विकास क्षेत्र बिसौली के संविलियन विद्यालय हरर्यपुर में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर के दूसरे दिन प्राथमिक चिकित्सा, गांठें व बंधन, तंबू निर्माण, गैजेट्स निर्माण, आपदा प्रबंधन और मार्क ड्रिल का प्रशिक्षण दिया गया।

राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षक, प्रधानाध्यापक कुंवरसेन ने कहा कि स्काउटिंग जीवन में अनुशासन, सहनशीलता और कठिन परिस्थितियों में स्वयं को सक्षम बनाए रखने की कला सिखाती है। बच्चे हिम्मत न हारें, आगे बढ़ें, लक्ष्य तक पहुंचें।

**• संकट की घड़ी में धैर्य रखें, जल्दबाजी न करें**

पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि आपातकालीन हालत में घबराहट सबसे बड़ा शत्रु है। युवा संकट की घड़ी में धैर्य रखें, जल्दबाजी में निर्णय न लें और उपलब्ध संसाधनों का समझदारी से प्रयोग करें। शिक्षक उमेश चंद्र ने कहा कि स्काउटिंग युवाओं में देशभक्ति का जज्बा पैदा कर रही है। दुःख मुसीबत में लोगों के काम आ रहे हैं। शिक्षिका चित्रा अरोरा ने कहा कि बच्चों में अद्भुत क्षमता होती है। दुनिया का हर कार्य संभव है। ट्रेनिंग के दौरान आग में फंसे लोगों को निकालने, डूबते व्यक्तियों को बचाने, टैंट निर्माण, बिना बर्तन भोजन बनाने, गांठ बंधन की ट्रेनिंग दी गई। इस मौके पर हिमानी वार्ष्णेय, हेमलता, अंजुम बुशरा आदि मौजूद रहे।

## बैंक ने किसान की जमीन का किया कुर्क

**बिसौली, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव कुआंडाडा में बैंक और तहसील प्रशासन द्वारा लोन जमा न करने पर एक किसान की जमीन कुर्क करने के कार्रवाई की गई। शुक्रवार को तहसील पर तैनात नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव, बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक सोनू गुप्ता अपनी टीम के साथ गांव कुआंडाडा पहुंचे। जहां भारत सिंह पुत्र दुलार सिंह बैंक ऑफ बड़ौदा के बड़े बकायेदार की सूची में शामिल थे। इन्होंने बैंक से करीब दस लाख का लोन लिया था। दो बेटे इनके सरकारी नौकरी में कार्यरत है और संपन्न व्यक्ति होने के बावजूद भी लोन चुकता नहीं कर रहे थे। जिस पर कार्रवाई करते हुए बैंक अधिकारियों ने तहसील अधिकारियों के सहयोग से लगभग 40 बीघा जमीन को कुर्क करने की कार्रवाई की।

# श्रीमद्भागवत कथा का समापन, भंडारा

संवाददाता, करियामई


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** करियामई में श्रद्धा और उल्लास के साथ साप्ताहिक श्रीमद् भागवत राम कथा का समापन, हो गया। समापन पर विशाल भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गांव करियामई स्थित ब्रह्मदेव महाराज पं.रामस्वरूप उस्ताद के स्थान पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत राम कथा का शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ समापन हो गया।

सप्ताह भर चले इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचते रहे।कथा व्यास संगम शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा का विस्तार से वर्णन किया गया, शुक्रवार को समापन पर दोपहर बाद विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन पूजन कराया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान को भोग अर्पित कर एवं कन्याओं को भोजन कराकर की गई। भंडारे में हजारों की संख्या में ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति एवं ग्राम वासियों ने मिलकर व्यवस्था को सुचारू रूप से संपन्न कराया। इस अवसर पर राम रतन, जगत राम, शंकर दयाल, विपिन पंडित, सत्यपाल, ग्राम प्रधान महेंद्र पाल सिंह, मुकेश हलवाई, श्रीपाल पासी, अनेक सिंह, ठाकुर विजयपाल सिंह, डोरी लाल, धीरेंद्र यादव, प्रेमपाल सहित समस्त ग्रामवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हाईस्कूल गणित परीक्षा में प्रशासन की सख्ती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले में चल रही यूपी बोर्ड परीक्षा सकुशल संपन्न हो रही है। लेकिन सख्ती के चलते विद्यार्थी परीक्षा छोड़ रहे हैं। शुक्रवार को हाईस्कूल और भौतिक विज्ञान परीक्षा पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 2,885 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सचल दलों के साथ साथ पर्यवेक्षक द्वारा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

शुक्रवार को जिले के 98 केंद्रों पर सुबह की पाली के दौरान हाईस्कूल गणित विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 25290 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 23431 उपस्थित और 1859 अनुपस्थित रहे। इसी पाली में इंटरमीडिएट व्यावसायिक शिक्षा का पेपर हुआ। जिसमें 272 पंजीकृत, 261 उपस्थित, 11 अनुपस्थित रहे। शाम की पाली में इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान की परीक्षा हुई। जिसमें 18323 पंजीकृत, 17308 उपस्थित और 1015 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक के साथ साथ सचल दलों के द्वारा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। परीक्षा सकुशल संपन्न होते हुए मिली।


केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी। • अमृत विचार

## गणित व भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न


परीक्षा देकर बाहर निकल रहीं छात्राएं। • अमृत विचार

**बिसौली, अमृत विचार :** क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में शुक्रवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित व द्वितीय पाली में इंटर मीडिएट भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षा सीसीटीवी कैमरों ओर वाइस रिकॉर्डर की कड़ी निगरानी में हुई ।परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व आंतरिक सचल दल प्रभारी नीरज चौहान, रामौतार मौर्य प्रवीण मिश्रा ने परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली। केंद्र व्यवस्थापक राजकुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित विषय में 242 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। द्वितीय पाली में इंटर भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षा में 173 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 10 अनुपस्थित रहे। केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ रतन लाल पशुधन विकास अधिकारी बिसौली,वाह्य केंद्र व्यवस्थापक महावीर प्रसाद केएम इंटर कॉलेज इस्लाम नगर परीक्षा प्रभारी विप्लव भारती, कम्प्यूटर ऑपरेटर अशवनी शर्मा सहित पुलिस बल तैनात रहा।

# बदायूं डायरी

## श्रद्धालुओं ने निकाली निशान यात्रा



**करियामई, अमृत विचार :** विकासखंड इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम सोरहा स्थित खाटू श्याम मंदिर पर शुक्रवार को आमलकी एकादशी के दिन सैकड़ों की संख्या में उधैती से राजपुर रोशन नगर से करियामई होते हुए पैदल निशान यात्रा लेकर श्रद्धालु सोरहा धाम पहुंचे। मंदिर के महंत विजेंद्र पाठक, ओम प्रकाश गुरु जी ने गुलाल व पुष्प बर्षा कर भव्य स्वागत किया। भक्त खाटू श्याम नरेश की भक्ति में लीन दिखे। सैकड़ों की संख्या में निशान यात्रा में शामिल ग्रामीण छोटे छोटे बच्चों सहित श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम के जयकारे लगाए। सभी श्रद्धालुओं का ग्रामीणों ने जगह-जगह गुलाल व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। डीजे की धुन पर भक्त खाटू नरेश की भक्ति में नाचते-झूमते नजर आए। जिससे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। भक्तों ने बाबा श्याम की आरती कर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर महंत विजेंद्र पाठक, ओम प्रकाश ने बताया एकादशी के दिन हजारों की संख्या में भक्त निशान यात्रा लेकर आते हैं। यहां आने वाले सभी लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## सुबह 10 से 12 बजे तक समस्याएं सुनें अधिकारी और थाना प्रभारी

**बदायूं, अमृत विचार :** शासन की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई को और ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों के लिए निर्देश जारी किया है। वह खुद हर कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक अपने कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनकर निस्तारित करते हैं। निर्देश में कहा कि सभी राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारी इसी निर्धारित समय में अपने-अपने कार्यालय व थानों पर अनिवार्य रूप से जनसुनवाई करेंगे। एसएसपी ने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का सिर्फ निस्तारण ही नहीं बल्कि जल्द गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। कहा कि किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से परेशान होना न पड़े। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि वह निर्धारित समय पर जाकर शिकायत या समस्या बताएं।





## स्काउट शिविर का समापन

**बिसौली, अमृत विचार :** दमयंती राज आनंद राजकीय महाविद्यालय बिसौली में चल रहा रोवर्स रेंजर्स का तीन दिवसीय शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। इस शिविर के माध्यम से प्रतिभागियों ने प्रतिकूल परिस्थितियों में जीवन यापन के तरीके सीखे, उन्होंने जाना कि आपातकाल या आपदा से समय, समय पूर्व और उपरांत उनको किस तरह का व्यवहार करना है, उन्होंने सामाजिक जिम्मेदारियों को समझा, समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को समझा, बिना सुविधाओं के जीवन जीने के तरीके सीखे,बिना बर्तन के खाना बनाना सीखा, टैंट और रस्सी के प्रयोग सीखे, घायलों के लिए प्रथम उपचार के तरीके सीखे, कम संसाधनों में प्रबंधन संबंधी गुर सीखे। उन्होंने एक जरूरी स्काउट गाइड से संबंधित आवश्यक व्यवहार सीखे, घायलों को अस्पताल पहुंचाने के तरीके सीखे। रेंजर्स ने राधा रानी व सरस्वती टोली बनाई, वहीं रोवर्स ने भगत सिंह टोली के नाम से प्रतिभाग किया।

## बिजली बिल राहत योजना का प्रचार बड़े स्तर पर



**ओरछी , अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा में विद्युत विभाग द्वारा उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देशानुसार ओटीएस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाने के लिए सुनियोजित तरीके से कैंप लगाए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक लोग अपने बकाया बिजली बिलों का निस्तारण कर सकें। विद्युत विभाग के अवर अभियंता संजीव वार्ष्णेय व बजरंगी लाल ने बताया कि विभाग द्वारा, फोन कॉल व्हाट्सएप ग्रुप और कर्मचारियों के माध्यम से लगातार उपभोक्ताओं से संपर्क किया जा रहा है। इसके बावजूद जो उपभोक्ता अभी तक योजना का लाभ नहीं ले सके हैं, वे शीघ्र अपना ओटीएस पंजीकरण कराएं । बकाया बिजली बिल जमा कर सरकार की इस लाभकारी योजना का फायदा उठाएं । साथ ही कहा कि ओटीएस योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को बकाया बिल में राहत मिल रही है।


अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



पतले-दुबले, गाल पिचके, कमजोर स्त्री-पुरुष, मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 मार्च 2026, रविवार
22 मार्च 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

**न्यूज ब्रीफ**

## किसान के निजी नलकूप से दिन दहाड़े चोरी

**ओरछी, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं नहीं थम रही हैं। चोरों ने गांव परमानंदपुर निवासी किसान के नलकूप से बाइक सवार दो चोरों ने दिन दहाड़े चोरी की। किसान कमल सिंह ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ अपने नलकूप पर गए थे। नलकूप का ताला खोलकर पास में ही खेत पर फसल देखने चले गए। इसी दौरान बाइक से दो लोग आए और नलकूप की कोठरी में घुसे। भीतर रखा लगभग 15 हजार रुपये का 50 किग्रा पानी का पाइप और मशीन चोरी करके ले गए। जब तक उनकी नजर पड़ी चोर दूर निकल चुके थे। उन्होंने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। पिछले साल भी उनके इसी नलकूप से चोरी हो चुकी है। शिकायत के बाद भी पुलिस अभी तक सुराग नहीं लगा सकी है। दिन दहाड़े हुई चोरी ने पुलिस की कार्यशैली की पोल खोल दी है।

## मरम्मत के चलते नौ घंटे ठप रहेगी बिजली आपूर्ति

**विजय नगला, अमृत विचार :** शनिवार को बिजली लाइन की मरम्मत होने के कारण सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक सब स्टेशन बिनावर क्षेत्र के गांव बिनावर, मलगांव, औरंगाबाद घटपुरी आदि गांव की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अवर अभियंता सतीश सिंह ने बताया गांव की बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लाइन की मरम्मत की जाएगी। जिसकी वजह से बिजली आपूर्ति ठप रहेगी।

## मेला से लापता दो बच्चे मथुरा और मुंबई से बरामद

**ककराला, अमृत विचार :** लगभग एक महीने पहले दो बच्चे गांव रमजानपुर में लगने वाला मेला देखने गए थे। जहां से वह दोनों लापता हो गए। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं लगा तो गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने एक को मथुरा और दूसरे को मुंबई से बरामद कर लिया है। थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव कुंडेली बादुल्लागंज से सोहिल पुत्र भीकम और मन्नू पुत्र हरिद्वारी लापता हो गए। परिजनों के गुमशुदगी दर्ज कराने पर पुलिस की टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने मन्नू को मथुरा के रेलवे स्टेशन से बरामद किया। पूछताछ में वह सोहिल के बारे में जानकारी नहीं दे पाया। उसके अलग-अलग शहरों में होने की बात कहता रहा। पुलिस ने तलाश तेज की तो सोहिल को मुंबई से बरामद कर लिया। दोनों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# बिल्सी पालिका की बैठक में 25.56 करोड़ का बजट पास

## सफाई और पेयजल पर हंगामे के बीच मिली विकास को हरी झंडी

संवाददाता, बिल्सी



बैठक की अध्यक्षता करती ज्ञानदेवी सागर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद सभागार में शुक्रवार को आयोजित बोर्ड बैठक में वर्ष 2026-27 का 25 करोड़ 56 लाख रुपये से अधिक का बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। यह धनराशि नगर में सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और अन्य विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष ज्ञानदेवी सागर ने की। उन्होंने सभी सभासदों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनसे उनके-अपने वार्डों के विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे। बैठक के दौरान कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। सभासद प्रखर माहेश्वरी ने नगर में व्याप्त गंदगी का मामला उठाते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। राहुल माहेश्वरी ने जर्जर हो रही पेयजल पाइप लाइन को शीघ्र बदलवाने का आग्रह किया। सभासद खुर्शीद बानो ने अपने वार्ड में सड़कों के निर्माण की मांग रखी, जबकि धर्मवीर ने पुलिया और नाली निर्माण का प्रस्ताव रखा। सफाई व्यवस्था को लेकर आई शिकायतों पर विधायक हरीश शाक्य के प्रतिनिधि नवनीत शाक्य ने अधिशासी अधिकारी को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। अध्यक्ष पति ओमप्रकाश सागर ने भी संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाई। उन्होने बताया कि विधायक हरीश शाक्य के प्रयासों से पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत एक करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इससे देववाणी चौराहा से स्टेट बैंक तक सीसी सड़क निर्माण और शांति नंदन पैलेस से संत रविदास मंदिर तक डिवाइडर व प्रकाश व्यवस्था कराई जाएगी। बैठक में अधिशासी अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश यादव सहित कई सभासद मौजूद रहे।

## स्कूल में 125 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**बिल्सी, अमृत विचारः** नगर के भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज में शुक्रवार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की लंबाई, कान, नाक, आंख की जांच की। डॉ अमन वार्ष्णेय एवं डॉ मुस्कान वार्ष्णेय ने नन्हे-मुन्ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। बच्चों के बीच निशुल्क दवा भी वितरित की गई। डॉक्टरों ने बताया कि इस समय सर्दी खांसी का वायरस तेजी से फैल रहा है। इसमे बच्चे को ठंडी और खट्टी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। बच्चों को गुनगुने तरल पदार्थ ही दे।

बच्चों को घर का बना हुआ पौष्टिक आहार ही दे। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने को कहा। साथ ही गुलाल से ही होली खेलने को बच्चों को प्रेरित किया। इस मौके पर अतुल वार्ष्णेय, अनीता पाल,शिवानी माहेश्वरी, सोनी माहेश्वरी का विशेष सहयोग रहा।

# जयकारों से बाबा श्याम के रंग में रंगा नगर



निशान पदयात्रा निकालते खाटू श्याम भक्त ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** श्री श्याम कृपा परिवार के तत्वावधान में फाल्गुन एकादशी पर भव्य निशान पदयात्रा स्थानीय श्री सरला परमार्थ ट्रस्ट मंदिर ओवरब्रिज के नीचे से प्रारंभ की गई। पदयात्रा भामाशाह चौक, रोडवेज ,मथुरिया गेट,लालपुल से नगर में भ्रमण करते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर जजपुरा उझानी रोड पर सम्पूर्ण होकर भक्तों निशान अर्पित किए

शुक्रवार को श्याम भक्तों ने सैकड़ों की संख्या में पीले वस्त्र धारण कर ओवर ब्रिज के नीचे श्री सरला परमार्थ ट्रस्ट मंदिर में सेवादार परम थरेजा अवधेश वर्मा द्वारा प्रभु श्याम जी के 101 निशान की विधिवत पूजा कर भव्य निशान पदयात्रा प्रारम्भ की। गगनभेदी श्याम जयकारों से संपूर्ण

**● पीले वस्त्र धारण कर श्याम भक्तों ने थिरकते हुए खेली गुलाल और फूलों की होली**

नगर श्याम मय हो गया। निशान यात्रा में प्रभु श्याम जी का रथ भव्य रूप से सजाया गया, पदयात्रा में पुरुष महिलाएं बुजुर्ग एवं बच्चों की संख्या बहुतायत थी। पदयात्रा भामाशाह चौक,रोडवेज स्टैंड, परशुराम चौक, मथुरिया गेट, लालपुल एवं बहेड़ी मोड होते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर जजपुरा उझानी रोड पर सम्पूर्ण हुई। श्री श्याम कृपा परिवार के सेवादार नवनीत गुप्ता शोंटू ने बताया कि आज ही के दिन महाभारत के दौरान भीष्म के पौत्र बर्बरीक ने श्री कृष्ण जी को अपना शीश दान में दिया था, श्री कृष्ण ने वरदान स्वरूप कलयुग में अपना नाम दिया, हारे के सहारे कहलाए। श्याम जगत में सबसे पावन एकादशी आज की मानी जाती है। पदयात्रा में श्री श्याम कृपा परिवार के पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, दर्शाना गुप्ता, इंदु सक्सेना, सीमा राठौर, मधु गुप्ता, श्वेता गुप्ता, संदीप गुप्ता, नीरज पटेल, प्रदीप दिवाकर,पवन जैन, अमित वैश्य, सर्वेश गुप्ता, राजन गुप्ता, नरेश शंखधर, विनय गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, पिकीं, संगीता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सीसी रोड का नगर पालिका चेयरमैन ने किया लोकार्पण

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचारः**नगर पालिका प्रशासन द्वारा द्वारा वार्ड दो के मोहल्ला बालाजीपुरम में सीसी रोड का निर्माण कराया है। जिसका शुक्रवार को पूर्व विधायक विमल कृष्ण अग्रवाल और पालिका चेयरमैन पूनम अग्रवाल ने लोकार्पण किया।

वार्ड दो के मोहल्ला बालाजीपुरम सड़क टूटी हुई थी। जिसके निर्माण की मोहल्ले के लोग लंबे समय से कर रहे थे। चुनाव के दौरान पालिका चेयरमैन ने इस सड़क के निर्माण का वादा किया था। चुनाव में किए गए वादे को पूरा करते हुए पालिका चेयरमैन ने सड़क का निर्माण करा दिया। जिसका लोकार्पण उनके द्वारा शुक्रवार को किया गया। इस मौके पर क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह चौहान, अमित प्रताप सिंह, राजू चौहान, धीरेंद्र सोलंकी, योगेश प्रताप सिंह, विनोद सिसोदिया, विष्णु सोलंकी, रेनू सिंह आदि उपस्थित रहे।



रोड का लोकार्पण करती चेयरमैन।

## साक्षरों को बांटे प्रमाण पत्र

**बदायूं, अमृत विचारः** नवभारत साक्षरता अभियान के तहत ऑडिटोरियम में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शैक्षिक सत्र 2024 -25 की परीक्षा में उत्तीर्ण होने साक्षरों को सदर विधायक ने प्रमाण पत्र बांटे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश चंद गुप्ता ने कहा कि शिक्षा सशक्तिकरण, कौशल विकास गरीबी कम करने और सतत विकास के लिए बहुत ही अनिवार्य है। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि सच्ची शिक्षा नैतिक मूल्यों सहित व्यक्ति का समग्र विकास करती है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। बताया कि नव साक्षर भारत मिशन के तहत जिले में अद्यतन 60485 निरक्षरों को चिन्हित किया जा चुका है। जिसमें से 45223 निरक्षर साक्षर हो चुके हैं। शेष 15262 निरक्षरों की माह मार्च में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# 1352 नियुक्ति पत्र पाकर खिले चेहरे

संवाददाता, कुंवरगांव



अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देते विधायक महेश गुप्ता व जिपं अध्यक्ष वर्षा यादव।

**अमृत विचारः** ब्लॉक क्षेत्र सालारपुर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेला। जिसमें 24 कंपनियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। कंपनियों के द्वारा 1352 अभ्यर्थियों का चयन किया। चयन होने वाले अभ्यर्थियों को सदर विधायक महेश गुप्ता और जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने नियुक्त पत्र सौंपे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि हर व्यक्ति को अपना पूर्ण ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा कि सभी युवा बेरोजगार इस मेले का लाभ लेकर अपना भविष्य सुंदर बनाएं। सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसका सीधा लाभ सभी वर्गों को प्रदान किया जा रहा है।

**● राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लगा रोजगार मेला, 24 कंपनियों ने किया प्रतिभाग**

रोजगार मेला में 24 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें 2742 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराकर साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। जिसके सापेक्ष 1352 का युवाओं का चयन किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा मेले में चयनित 40 लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। इस मौके पर रोजगार मेला के नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई एसके वार्ष्णेय, जिला सेवायोजन अधिकारी एसके यादव, जिला कौशल प्रबंधक मो एहतेशाम व ओमकार नाथ तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## भाकियू के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष बने ऋषभ चौधरी

**बिसौली, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन ने बिसौली क्षेत्र के गांव स्वरूपपुर निवासी युवा ऋषभ चौधरी को शुक्रवार को युवा महासचिव के पद से जिम्मेदारी बढ़ाते हुए युवा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने बताया कि ऋषभ सिंह पुत्र थान सिंह की चौ. महेंद्र सिंह टिकैत के संगठन में पिछले छः महीने के अंदर ये दूसरी पदोन्नति है।



ऋषभ चौधरी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माइग्रेशन सर्टिफिकेट वर्ष 2023 व अनुक्रमांक 210011141053 जो महात्मा ज्योतिबा विश्वविद्यालय से जारी हुआ था। वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **शेरसिंह पुत्र श्री लोकी राम ग्राम रम्पुरा जाटान मजरा सिमरिया मीरगंज, बरेली**

## एनएसएस शिविर का समापन छात्राओं को किया सम्मानित



छात्रा को सम्मानित करते प्रवक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर चल रहा था। जिसका शुक्रवार को समापन हो गया। समापन के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें विजेता रहीं छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने स्वयंसेवी छात्राओं को जाति, धर्म, पंथ से ऊपर उठकर व्यापक एवं तर्कशील सोच को विकसित करने पर जोर दिया। डॉ. प्रेमचंद ने कहा कि यह सेवा का भाव केवल शिविर तक सीमित न रहे अपितु अपने घर - परिवार और समाज तक पहुंचे। उन्होंने साहित्य के विभिन्न प्रसंगों के उदाहरणों से छात्राओं को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ. वन्दना ने छात्राओं की विविध प्रस्तुतियों एवं सामुदायिक कार्य की सराहना की। साथ ही शिविर के दौरान हुई प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। जिसमें भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता में अंशिका, सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका का प्रथम पुरस्कार सना, तमन्ना तथा खुशी ने प्राप्त किया। समापन पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर डॉ. सतीश कुमार, डॉ. बृजेश कुमार डॉ. भावना सिंह, डॉ. सरिता गौतम, रोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में हाईस्कूल के छात्र की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव दीनापुर निवासी सुरजीत पुत्र मदनलाल अपने दोस्त अरविंद के साथ गांव ईखखेड़ा स्थित बीपी शर्मा इंटर कॉलेज से हाईस्कूल की परीक्षा देकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में थाना उघैती क्षेत्र के गांव बाल किशनपुर के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुरजीत की मौत हो गई जबकि अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। परिजन चीत्कार करते पहुंचे। दोनों छात्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने सुरजीत की मौत की पुष्टि कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

# बिल्सी में निकाली गई निशान यात्रा

संवाददाता, बिल्सी



निशान यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शुक्रवार को श्याम बाबा के भक्तों ने यहां खाटू श्याम की गुणगान निशान यात्रा झांकियों के साथ धूमधाम से निकाली। जिसका लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सुबह नगर की सब्जी मंडी के सामने श्री श्याम भवन पर भक्तों द्वारा अपने-अपने निशान का पूजन किया। साथ ही यहां 56 व्यंजनों से बाबा के भक्त विकास वार्ष्णेय उर्फ बब्बू ने खाटू श्याम बाबा का भोग के साथ आरती की। उसके बाद नई सब्जी मंडी द्वार से निशान पदयात्रा शुरू की गई। जो नगर के कटरा बाजार, मुख्य बाजार, बंबा चौराहा स्थित श्री बद्री नारायण मंदिर पंहुची जहां भक्तों ने पूजा कर शोभा यात्रा को आगे बढ़ाया। इसके बाद नगर के सर्राफा बाजार, कपड़ा बाजार, बालाजी तिराहा, कछला बस स्टैंड, मनोकामना स्कूल के सामने से होती हुई देववाणी चौक के निकट डा.राजा बाबू वार्ष्णेय की राइस मिल पंहुची। भक्तों ने पूजा-अर्चना की। निशान यात्रा के दौरान भक्तों ने एक-दूसरे के अबीर-गुलाल की होली खेली। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इधर नगर की श्री लखदातार सेवा समिति के तत्वावधान में नगर के मोहल्ला संख्या एक की पटवा कॉलोनी स्थित श्याम भवन पर भी फाल्गुन माह की एकादशी के उपलक्ष्य में बाबा के भक्तों ने निशान यात्रा निकाली। जो जजपुरा मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पूर्णागिरि मेले को 6 से चलेंगी दो जोड़ी ट्रेनें

**बदायूं, अमृत विचार :** मां पूर्णागिरि मेला के दौरान होने वाली अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए सुविधाजनक रेल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दो जोड़ी अनारक्षित मेला स्पेशल गाड़ी टनकपुर-बरेली जंक्शन.-टनकपुर तथा कासगंज-टनकपुर-कासगंज का संचालन 6 मार्च से 30 जून, तक प्रतिदिन किया जायेगा। 05451 कासगंज-टनकपुर सवारी गाड़ी मेला स्पेशल कासगंज से 4.35 बजे, कासगंज सिटी से 4.45 बजे, गंगागढ़ हाल्ट से 4.53 बजे, सोरों 4.59 बजे, मानपुर नगरिया से 5.09 बजे, कछला ब्रिज से 5.20 बजे, कछला हाल्ट से 5.25 बजे, बितरोई से 5.31 बजे, उझानी से 4.44 बजे, शेखूपुर से 5.54 बजे, बदायूं से 6.05 बजे, मल्लन नगर से 6.14 बजे, घटपुरी से 6.20 बजे, करतौली से 6.29 बजे, मकरन्दपुर से 6.37 बजे, बमियाना से 6.50 बजे, रामगंगा से 7.04 बजे, बरेली जंक्शन से 7.20 बजे, बरेली सिटी से 7.35 बजे, इज्जतनगर से 7.55 बजे, दोहना से 8.08 बजे, भोजीपुरा से आगे की स्टेशनों से होती हुई टनकपुर 12.15 बजे पहुंचेगी।

**सूचना**
मैंने अपने भाई दीपक उर्फ जगदीश गुप्ता उसकी पत्नी किरन गुप्ता, भाई राजा गुप्ता, आकाश गुप्ता, बहनोई ब्रजेश गुप्ता व बहन लक्ष्मी गुप्ता के दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर दिया है। उपरोक्त सभी लोग अपने कृत्यों, लेन-देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा वास्ता नहीं होगा। **राखी गुप्ता पत्नी रामनिवास गुप्ता पुत्री स्वर्गीय होरीलाल निवासी मोहल्ला ब्रह्मनान थाना व कस्बा शेरगढ़, बरेली।**

**सूचना**
मैं अपनी पुत्रवधू मनता देवी पत्नी डवेश्वर तथा पौत्र राजू व अंकित पुत्रगण डवेश्वर के गलत आचरण एवं व्यवहार के चलते उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। **करन पुत्र झम्मन ग्राम कलीनगला पो. सबदलपुर फरीदपुर (बरेली)**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि अनुराधा सिहं पत्नी JC-880397K Rank NB/SUB Name Raj Pal Singh के सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्मतिथि भूलवश 12.11.1983 दर्ज हो गई है जबकि मेरी वास्तविक जन्मतिथि 15.11.1983 है। अनुराधा सिंह पत्नी राज पाल सिंह निवासी चांदपुर चुबकिया तह. बहेड़ी जिला बरेली- 243203

**व्यवस्था** जिला अस्पताल और सीएचसी पर तैनात रहेंगे स्वास्थ्य कर्मचारी, निर्देश जारी

# होली पर हर सीएचसी पर मौजूद रहेंगे चिकित्सक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** होली के त्यौहार पर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी सभी सीएचसी और पीएचसी पर डॉक्टरों को मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं जिससे स्थानीय लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। विभाग ने सभी जिम्मेदारों को निर्देशित किया है कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति समर्पित होकर काम करें।



सीएमओ डा रामेश्वर मिश्रा

होली पर अक्सर लड़ाई झगड़े और सड़क हादसों में लोग चोटिल होते हैं जिससे लोगों को जिला अस्पताल तक भागना पड़ता है। इस बार स्वास्थ्य विभाग ने सभी पन्द्रह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टरों और कर्मचारियों को मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं जिससे यदि कहीं पर किसी तरह से घायल व्यक्ति पहुंचता है तो उसे फौरी राहत दी जा सके। सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा ने शुक्रवार को अपने अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि एडी हेल्थ के निर्देश है कि जनपद में त्योहार पर किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही रमजान के समय लोगों को सुविधा पूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।उन्होने कहा कि दो मार्च से चार मार्च तक सभी सीएचसी और पीएचसी पर डॉक्टर मौजूद रहेंगे।

तीन दिन तक किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन के आदेश हैं कि गांव देहात से आने वाले मरीजों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा मिले जिससे पीड़ित को जिला मुख्यालय तक न आना पड़े। इसके लिए आज ही सभी एमओआईसी को पत्र जारी किया गया है।

### जिला अस्पताल में आरक्षित रहेंगे वार्ड

जिला अस्पताल में भी होली के त्यौहार पर डॉक्टर और कर्मचारी मौजूद रहेंगे जिससे बाहर से आने वाले लोगों का समय से उपचार किया जा सके। अस्पताल में चार वार्ड सुरक्षित किए गए हैं। दो डाक्टर और चार स्टाफ नर्स सहित आठ वार्ड व्याय जिला अस्पताल में तीन दिन तक लगातार ड्यूटी करेंगे जिससे घटनाओं में चोटिल लोगों का उपचार किया जा सके। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा होली के त्यौहार पर पूर्ववत रहेगी। ओपीडी बंद रहेगी और इमरजेंसी में हर समय स्टाफ मौजूद रहेगा।

### ब्लड बैंक का किया निरीक्षण

होली के त्योहार पर जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक को हर ग्रुप का ब्लड तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। यदि जरूरत पड़ती है तो ब्लड बैंक से किसी भी समय ब्लड लिया जा सकता है। सीएमएस डॉ. अमित वार्ष्णेय ने शुक्रवार को ब्लड बैंक का निरीक्षण करने के बाद वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही कर्मचारियों को निर्देशित किया कि यहां पर सफाई व्यवस्था बनी रहे। स्टाफ मौजूद रहे। जिससे आपात स्थिति में मरीजों को इसका लाभ मिल सके।

**आवश्यकता है**
● कंप्यूटर ऑपरेटर
(MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
● नर्स ANM/GNM
● पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
● आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
● रसोइया ● वार्ड बॉय
रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

**आवश्यकता है**
अनुभवी व्यक्तियों की
● ओ.टी. टेक्नीशियन
● लैब टेक्नीशियन
● पी.आर.ओ (पब्लिक रिलेशन आफिसर)
● कंप्यूटर ऑपरेटर
वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें
एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक
वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच.-30, बन्थरा, शाहजहाँपुर
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक
मो. 7521001986

**आवश्यकता है**
प्राचार्य / असि. प्रो. एलएल.बी. व बी.ए. एलएल.बी. विधि, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व इतिहास विषयों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी 7 दिन के अन्दर अपने सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों सहित बायोडाटा भेजें।
योग्यता व वेतन UGC मानकानुसार ।
E-mail: lbslaw50@gmail.com
एल.वी. एस. कॉलेज ऑफ लॉ
नवाबगंज (बरेली) मो. नं. 9412360790

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

